हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 291, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 अप्रैल, 2024 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

दंगे-हत्या सपा का ट्रेडमार्क था, आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों की हिम्मत नहीं : मोदी

परिवारवाद पर पीएम का प्रहार, सपा और कांग्रेस ने हमेशा की तुष्टीकरण की राजनीति

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नुमाइश मैदान में आयोजित जनसभा में कांग्रेस, सपा पर जमकर बरसे। कहा, 500 साल बाद राम मंदिर को देख रहे हैं। मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है। वह कहते हैं हम सबको रोके बैठे थे मगर, यह मोदी आ गया तो सब हो रहा है। यह इतने गुस्से में हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ही ठुकरा दिया। मेरे पास जब निमंत्रण आया था तो मैंने उसे सिर से लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि, पहले जब अलीगढ़ आया था तो अनुरोध किया था सपा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अब देश को गरीबी और भ्रष्टाचार से मुक्त करने का समय आ गया है। परिवारवाद मुक्त करना है। अलीगढ़ से सतीश गौतम और हाथरस से अनूप प्रधान को जितना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आप कमल का निशान दबाएंगे तो वोट सीधे मोदी को मिलेगा। शादी-विवाह है, गर्मी है, सब कुछ है। मगर देश से बड़ा कुछ नहीं होता। हमको सारे काम

छोड़कर करके वोट करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले आए दिन सीमा पर गोलियां चलती थीं। आए दिन वीर सपूत बलिदान होते थे। अब सब बंद हो गया है। अब उनके गोले बारूद भीग गए। पहले आए दिन बम फोड़ते थे। अब सीरियल बम धमाकों पर स्टाप लग गया है। जो पहली बार वोट डाल रहे हैं, उन्हें याद नहीं होगा। तब वह आठ साल के होंगे। पहले टीवी पर विज्ञापन आता था कि कहीं कुछ लावारिस चीज मिले तो उसके पास मत जाना, कोई बैग मत उठाना। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर यही हाल था। लावारिस चीजों में बम होते थे। अब मोदी, योगी के कमाल से सब बंद हो गया। अब शांति हो गई है। अब विकास हो रहा है। पहले फौजियों पर पत्थर चलते थे। अब फुलस्टाप लग गया। पहले अलीगढ़ में आए दिन कर्फ्यू लगता था। पहले फोन कर पूछते थे कि शांति है ना। यह योगीजी ने करके दिया है आपको।

दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती यह सपा सरकार का ट्रेड मार्क था। उनकी राजनीति इसी से चलती थी। पहले हमारी बहन, बेटियां घर से नहीं निकल पाती थीं। अब योगी की सरकार में किसी की हिम्मत नहीं है। सपा, कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की। मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं किया।

पसमांदा मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं किया- पसमांदा मुस्लिम के लिए कुछ नहीं किया। तीन तलाक से बेटियों का जीवन बर्बाद हो गया था। बेटी ही नहीं, पूरा परिवार परेशान रहता था। मोदी ने तीन तलाक कानून बनाकर इनका परिवार सुरक्षित किया है। हज जाने के कोटे में मारा मारी थी। हमने हज कोटा बढ़ाने की मांग की। अब कोटा बढ़ा है।

सरकार ने एक अहम फैसला लिया। पहले मुस्लिम माता बहन अकेले हज नहीं जा पाती थीं। अब हमने अनुमति दी। मुझे हजारों बहनों ने आशीर्वाद दिया। सपा, कांग्रेस ने कभी परवाह नहीं की। राशन पूरा नहीं मिलता था। अब लाखों लोगों को मुफ्त और पूरा राशन मिल रहा है। अलीगढ़, हाथरस के लाखों परिवारों को आयुष्मान में मुफ्त इलाज मिला है। मोदी की गारंटी है कि देश में बुजुर्ग को भी मुफ्त इलाज मिलेगा। लोगों पर डबल जिम्मा होता है। परिवार का भविष्य देखना होता है। मगर मोदी को आपकी चिंता है।

14 साल की दुष्कर्म पीड़िता को 28 हफ्ते का गर्भ गिराने की मिली इजाजत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता को उसकी लगभग 28 सप्ताह की गर्भावस्था का चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखकर आदेश दिया। रिपोर्ट में नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए (जो इसे किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देता है) मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने लोकमान्य तिलक नगर मेडिकल कॉलेज और जनरल अस्पताल (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया है। गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए मुंबई के सायन में तुरंत डॉक्टरों की एक टीम गठित की जाएगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 19 अप्रैल को नाबालिग की मेडिकल जांच का आदेश दिया था। बता दें कि पीड़िता ने 28 सप्ताह के गर्भ को गिराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर कांग्रेस ने पीएम मोदी को घेरा, राहुल ने कहा- झूठ के कारोबार का अंत निकट

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जहरीली भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया गया है कि पीएम मोदी के पास वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई रणनीतियां है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ के कारोबार का अंत अब निकट है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने देश में

पीएम मोदी के पास वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई रणनीतियां

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के लिए पीएम मोदी को घेरा है। पीएम मोदी द्वारा संपत्ति के पुनर्वितरण वाली टिप्पणी को लेकर रविवार की रात कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में निराशा का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री अब झूठ का सहारा ले रहे हैं। वह लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए घृणास्पद भाषण दे रहे हैं। सोमवार को कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर एक वीडियो शेयर किया। इस पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और पीएम

मोदी कह रहे हैं कि सब ठीक है।" उन्होंने आगे कहा, "पीएम मोदी के पास वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई नई रणनीतियां है। लेकिन अब जूठ के कारोबार का अंत निकट आ गया है।" कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई मुद्दों पर पीएम मोदी जहरीली भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रमेश ने आगे कहा, "पीएम मोदी को एक आसान सवाल का जवाब देना चाहिए,। 1951 से हर साल जनगणना होती आ रही है। इससे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आबादी का डेटा सामने आता है। इसे 2021 में भी हो जाना चाहिए था, लेकिन आजतक नहीं हुआ।" जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को नष्ट करने का षड़यंत्र है। कांग्रेस ने पीएम मोदी पर हमला तब तेज किया, जब उन्होंने (पीएम मोदी) कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह वह लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से वितरित कर देगी। इसी के साथ पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की टिप्पणी क हवाला देते हुए कहा कि देश की संपत्ति पर सबसे पहला दावा अल्पसंख्यक समुदाय का होता है। राजस्थान के बांसवाड़ा में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों और जिनके अधिक बच्चे हैं, उन्हें देने की है।

छह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने तय किए उम्मीदवार, प्रदेश अध्यक्ष के बेटे को भी टिकट

पटना। कांग्रेस ने बिहार की छह लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार की लिस्ट जारी कर दी है। रविवार को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस ने बिहार में अपने हिस्से की बाकी बची सीटों पर काफी विचार-विमर्श कर उम्मीदवारों के नाम तय किए गए थे। लेकिन, महाराजगंज सीट को लेकर पेंच फंसा था। काफी मंथन के बाद आलाकमान ने प्रदेश अध्यक्ष अखिलश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश सिंह को टिकट दे दिया। महाराजगंज सीट से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों की मानें तो बिहार प्रदेश कांग्रेस के कई नेताओं के विरोध के बीच अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मदद से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपने बेटे की उम्मीदवारी पर राजी करने में सफल रहे। हालांकि, महाराजगंज सीट पर एमएलसी सच्चिदानंद राय

अपनी पत्नी को टिकट दिलाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन, पार्टी आलाकमान ने आकाश सिंह ने नाम पर मुहर लगाई। आकाश पिछली बार पर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे थे। लेकिन, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजीत को टिकट दिया गया है। सासाराम वहीं बेतिया से मदन मोहन तिवारी, समस्तीपुर से बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी, सासराम से विश्वनाथ राम और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद का नाम पर मुहर लगी है। अजय निषाद टिकट के कारण ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए थे। बता दे कि कांग्रेस बिहार में नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भागलपुर सीट से अजीत शर्मा, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मो. जावेद के नाम की घोषणा कांग्रेस पहले ही कर चुकी है। तीनों नेता अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार में भी जुट गए हैं। बाकी बची छह सीटों पर लोगों की नजर थी।

कन्नौज से अखिलेश यादव नहीं लड़ेंगे चुनाव, तेज प्रताप यादव को मिला टिकट

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज सीट के लिए उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इस सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमवार को सपा ने कन्नौज के अलावा बलिया सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा की। इस सीट पर सनातन पांडेय को टिकट दिया गया है। अखिलेश यादव प्रदेश में दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर अमरोहा में रैली को संबोधित किया था। जहां उन्होंने दावा किया था कि पहले चरण के मतदान में एनडीए पिछड़ गया है। यही आगे के भी चरणों में होना है। उन्होंने कहा था कि अखिलेश ने कहा था कि प्रधानमंत्री हमारी पिक्चर रिजेक्ट होने की बात कर रहे थे लेकिन पहले चरण के चुनाव में शुक्रवार को उनकी फिल्म फ्लॉप हो गई। उनकी सब खिड़की खाली रहीं। मैंने पहले भी कहा था पश्चिम की हवा प्रदेश में ही नहीं ,देश से भाजपा का सफाया करेगी। यूपी वाले जब स्वागत करते हैं तो दिल खोल कर करते हैं और जब विदाई

करते हैं तो ढोल नगाड़ों के साथ करते हैं। दूसरे चरण में प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा की सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है।

सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी : राजनाथ सिंह

जम्मू/लेह। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, 'दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।' राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन

ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है और इसे अक्सर दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र माना जाता है। इससे पहले 13 अप्रैल को, भारतीय वायु सेना ने प्रसिद्ध 'ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ मनाई थी, जिसे भारतीय सेना ने सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जा करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करके उस पर नियंत्रण हासिल करने के लिए चलाया था। भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना द्वारा यह ऑपरेशन 13 अप्रैल 1984 को किया गया था, जो भारतीय सेना द्वारा किए गए सबसे बड़े ऑपरेशनों में से एक था।

शराब घोटाला: दिल्ली हाईकोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज, याचिकाकर्ता पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से जारी समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता पर जुमार्ना भी लगाया गया है। हाईकोर्ट ने सभी आपराधिक मामलों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। जिसे खारिज कर दिया कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। दिल्ली के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि कोर्ट उच्च पद पर आसीन व्यक्ति के खिलाफ शुरू किए गए लंबित आपराधिक मामले में असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक आदेश के आधार पर कोई हिरासत में है। चुनौती फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में है। वह कदम उठा रहे हैं और उपायों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कानून सभी के लिए बराबर है। दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने से इन्कार करने पर ईडी ने इस मामले में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इस समय वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली मंत्री आतिशी ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। आतिशी ने कहा कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने कोर्ट में कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया। जबकि ये पूरी तरह से झूठ है। ईडी और जेल प्रशासन ने कोर्ट में पेश होने तक अरविंद केजरीवाल को किसी डायबिटिज स्पेशलिस्ट को नहीं दिखाया। कोर्ट में जो डाइट चार्ट पेश किया। वह डायबिटिज स्पेशलिस्ट ने नहीं बल्कि एक न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट की ओर से बनाया गया है।

भाजपा नेता विश्वेश्वर ओझा के दो हत्यारे अपनी मौत तक जेल में रहेंगे बंद, अर्थदंड भी लगाया गया

आरा। विशेश्वर ओझा हत्याकांड में आज सोमवार को आरा सिविल कोर्ट में एडीजेझ8 के द्वारा सजा सुनाई गई। नामजद मुख्य आरोपी हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्र को आजीवन कारावास, टील डेथ, साथ ही दोनों पर 302 के तहत 85-85 हजार फाइन लगाया गया है। दोनों पर साजिश के तहत हत्या करने के मामले में सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही अन्य 5 आरोपियों को 307 के तहत 10 वर्षों की सजा सुनाई गई है। साथ ही 25 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इस हत्याकांड में कोर्ट ने सात आरोपित को दोषी पाया था, जिनमें ब्रजेश मिश्रा, हरेश मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह शामिल थे। इसमें ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा दोनों सगे भाई है, जो पहले से जेल में बंद थे। वहीं इस मामले में कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में छह आरोपितों को बरी कर दिया था। 12 फरवरी 2016 की देर शाम भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष सह गद्दावर नेता ओझवलिया गांव निवासी विशेश्वर ओझा एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए अपने सफारी गाड़ी सोनवर्षा गांव गए हुए थे। लौटने के दौरान उक्त आरोपित अपने साथियों के साथ सोनवर्षा गांव में पहले से घात लगाकर बैठे हुए थे। जैसे ही विशेश्वर ओझा की गाड़ी गांव से बाहर निकली, अपराधियों ने गाड़ी को रुकवा कर गोलियों से छलनी कर दिया, जिसमें विशेश्वर ओझा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हत्याकांड के बाद मृतक बीजेपी नेता के परिजनों के द्वारा

शाहपुर थाने में कांड संख्या 48/16 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में बृजेश मिश्रा उनके भाई हरीश मिश्रा सहित करीब 13 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड में 402/18 और 390/16 दो सेशन ट्रायल के तहत मुकदमे में सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी बृजेश मिश्रा को 402/18 सेशन ट्रायल में आईपीसी की धारा 302,307 और 27 आर्म्स एक्ट मामले में दोषी पाया था, जबकि हरेश मिश्रा को 390/16 सेशन ट्रायल में आईपीसी की धारा 302,307 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी कर दिया है। वहीं अन्य पांच अभियुक्त उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा,बसंत मिश्रा, पप्पू सिंह और हरेंद्र सिंह को भाजपा नेता की हत्याकांड में साजिश के तहत शामिल होने के मामले में आईपीसी की धारा 307 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी माना है। कारनामेपुर ओपी अंतर्गत सोनवर्षा गांव में 28 सितंबर 2018 की पहले सुबह भाजपा नेता के मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा को उनके घर के समीप ही पशुओं का चारा लाने के समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कमल किशोर मिश्रा के पिता श्रीमन नारायण मिश्र द्वारा गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई थी। 12 फरवरी 2024 को मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या के मामले में आरा कोर्ट द्वारा ट्रायल के बाद कांड के चार आरोपियों उमाशंकर मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, मुक्तेश्वर मिश्र और राज किशोर पाल को दोषी पाते हुए सश्रम उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी।

पीएम मोदी की टिप्पणी को संजय राउत ने बताया निराशाजनक, बोले- हार की आशंका उन्हें हताश कर रही

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से वितरित कर देगी। पीएम मोदी के इस बयान को शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने निराशाजनक बताया है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री को चुनाव हारने का डर है इसलिए वे ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने रविवार को रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों और जिनके अधिक बच्चे हैं, उन्हें देने की है। उन्होंने आगे कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच। मेरी माताओ और बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। पीएम मोदी की इन टिप्पणियों पर संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "यह निराशाजनक है कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे एक वरिष्ठ नेता ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं।" शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आगे कहा, "उन्होंने मंगलसूत्र तक के बारे में बात की। इसका मतलब यह है कि वह पूरी तरह से हताश हो चुके हैं। वह यह चुनाव हारने जा रहे हैं।"

संजय राउत ने आगे कहा, "चुनाव में हार की आशंका पीएम मोदी को परेशान कर रही है। इसलिए वे ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ लोगों की बच्चे पैदा करने की संख्या किसी चुनाव प्रचार का मुद्दा कैसे हो सकती है?" उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में अपनी सरकार के प्रदर्शन के बारे में एक बार भी चर्चा क्यों नहीं की? संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी ने सत्ता में लौटने पर भविष्य की अपनी योजनाओं का उल्लेख भी नहीं किया। बता दें कि पीएम मोदी की टिप्पणियों पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई रणनीतियां है।

संपादकीय

बेलगाम हथियार

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में ह्यहर्ष फायरिंगह्न के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं? दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं। पड़ोसी देश से ड्रोन के जरिये हथियार गिराने के अनेक मामलों के बाद हमें खतरनाक मंसूबों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। इस गंभीर स्थिति की निगरानी के लिये पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये सघन अभियान चलाने की जरूरत है।

आंकना ना कम !

होने लगे दावे ।
बहने लगी बयार ।।
जीतेगा गठबंधन ।
तय मिलना है प्यार ।।
आंकना ना कम ।
ला रहे सुधार ।।
सजग हो कर उनसे ।
रहना खबरदार ।।
है कोशिश भरपूर ।
एड़ी चोटी जोर ।।
देख कर ये दुर्दशा ।
हुए भावविभोर ।।
देकर एक मौका ।
लें हमको संभाल ।।
वरना होंगे सारे ।
और भी बेहाल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

हनुमान जी की उपासना का उद्देश्य

17 अप्रैल को श्रीरामनवमी संपन्न हुई । युगों से जिनके दैवी अवतारत्व का चिन्ह जनमानस में अंकित है, वे अयोध्या के राजा प्रभु श्रीरामचंद्र इस घोर कलियुग में भी श्रीरामनवमी के निमित्त पुनः एक बार प्रत्येक के मन में अंतस्थ विराजमान हो गए हैं । अब श्रीराम भक्त महाबली हनुमान जी का अवतरण होगा । 23 अप्रैल को हनुमान जयंती है ।

जिनका मंत्र रामभक्ति तथा धुन रामसेवा ही है, वे हनुमानजी हैं । प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के पश्चात उनके श्रीचरण कमलों में बैठकर हनुमान जी ने अपने प्राण नाथ प्रभु से आर्तता से आगे दी हुई प्रार्थना की ।

प्रभु श्रीराम के दिव्य अवतारी चरित्र का पुनः पुनः स्मरण करने, उसमें निहित श्रीराममय भावार्थ का चिंतन करने एवं रामचरित्र का गायन करने में ही प्रभु श्रीराम के निर्गुण (अमूर्त) रूप का दर्शन करने के समान ही आनंद मिलता है । हे प्रभु, इन प्रयत्नों द्वारा इस दास हनुमान को जब इच्छा हो, तब रघुकुल दीपक प्रभु श्रीराम का दर्शन मिले, ऐसा वर दीजिए ।

अन्य देवताओं की तुलना में हनुमान जी में अत्यधिक प्रकट शक्ति है । अन्य देवताओं में प्रकट शक्ति केवल 10 प्रतिशत होती है, जबकि हनुमानजी में प्रकट शक्ति 70 प्रतिशत होती है । अतः हनुमान जी की उपासना अधिक मात्रा में की जाती है । हनुमान जी की उपासना से जागृत कुंडलिनी के मार्ग में आई बाधा दूर होकर कुंडलिनी को योग्य दिशा मिलती है । साथ ही भूतबाधा, जादू-टोना अथवा पितृदोष के कारण होने वाले कष्ट, शनि पीडा इत्यादि का निवारण भी होता है । महाराष्ट्र में शनिवार को हनुमान जी का दिन मानते हैं एवं भारत के अन्य भागों में शनिवार तथा मंगलवार मारुति के दिन माने जाते हैं । इस दिन हनुमान जी के देवालय में जाकर उन्हें सिंदूर एवं तेल अर्पण करने की प्रथा है । कुछ स्थानों पर हनुमान जी को नारियल भी चढाते हैं ।

हनुमानजी की पूजा में मदारके फूलों का प्रयोग किया जाता है । फूल चढाते समय फूलों के डंठल हनुमान जी की प्रतिमा की ओर होते हैं । कहते हैं, हनुमानजी को मदार के फूल अच्छे लगते हैं; परंतु यह मानसिक स्तर का विश्लेषण हुआ । इसका अध्यात्मशास्त्रीय कारण यह है कि, मदारके फूलों में हनुमान जी की तत्त्व तरंगें अधिक मात्रा में आकृष्ट होती हैं तथा फूलों से पवित्रकों के रूप में प्रक्षेपित भी होती हैं ।

ऐसा कहते हैं कि, देवता को जो वस्तु भाती है, वही उन्हें पूजामें अर्पण की जाती है । उदाहरण के रूप में गणपति को लाल फूल, शिवजी को बेल, विष्णु को तुलसी इत्यादि । वास्तवमें उच्च देवताओं की रुचि-अरुचि नहीं होती । विशिष्ट वस्तु अर्पण करने के पीछे अध्यात्मशास्त्रीय कारण होता है । पूजा का उद्देश्य है, मूर्ति में चैतन्य निर्माण होकर पूजक को उसका लाभ हो । यह चैतन्य निर्माण होने के लिए विशिष्ट देवता को विशिष्ट वस्तु अर्पित की जाती है, जैसे हनुमान जी को तेल, सिंदूर एवं मदार के फूल तथा पत्ते । इन वस्तुओं में हनुमानजी के महालोक तक के देवता के सूक्ष्मातिसूक्ष्म कण, जिन्हें पवित्रक कहते हैं, उन्हें आकृष्ट करने की क्षमता होती है । अन्य वस्तुओं में ये पवित्रक आकृष्ट करने की क्षमता अल्प होती है । इसी कारण हनुमानजी को तेल, सिंदूर एवं मदार के पुष्प-पत्र इत्यादि अर्पण करते हैं ।

कालानुसार आवश्यक उपासना

आजकल विविध प्रकारोंसे देवताओंका अनादर किया जाता है । व्याख्यान, पुस्तक, नाटिका इत्यादि के माध्यम से देवताओं की अवमानना की जाती है । व्यावसायिक कारणों से विज्ञापनों के लिए देवताओं का उपयोग मॉडल के रूप में किया जाता है । देवताओं की वेशभूषा में भीख मांगी जाती है । ये सभी अपनमानजनक प्रकार हनुमानजी के संदर्भ में भी होते हैं । व्यंगचित्र अर्थात कार्टून, विज्ञापन, नाटिका इनमें ऐसी अवमानना हमें विशेष रूप से दिखाई देती है । आस्ट्रेलियाके कोरियर मेल इस वृतपत्र में आस्ट्रेलियन क्रिकेटर एन्ड्रू साईमनको हनुमान के रूप में दिखाकर भगवान तुल्य दिखाया गया ।

मेक माई ट्रिप इस भारतीय यातायात कंपनी ने अपने विज्ञापन में हनुमान जी के हृदय के स्थान पर श्री राम एवं सीता की अपेक्षा चलों लंका ऐसा संदेश लिखा हुआ दिखाया । यदि हम ऐसे अनादर को देखते हुए भी रोकने का प्रयास न करें, तो क्या हनुमानजी की कृपा हम पर होगी ? निश्चित ही नहीं ! देवताओं की उपासना की नींव है, श्रद्धा । देवताओं का अनादर श्रद्धा को प्रभावित करता है । इससे धर्महानि भी होती है । यह धर्महानि रोकना कालानुसार आवश्यक धर्मपालन ही है । यह देवता की समष्टि स्तर की अर्थात सामाजिक स्तर की उपासना ही है । व्यष्टि अर्थात व्यक्तिगत उपासना के साथ समष्टि अर्थात सामाजिक उपासना किए बिना देवता की उपासना पूर्ण हो ही नहीं सकती । अतः हनुमानजी के भक्तों को भी हनुमानजी के अनादर के प्रति जागरूक होकर सार्वजनिक उद्बोधन के माध्यम से यह धर्महानि रोकने का प्रयास करना चाहिए । यह धर्महानि रोकने के लिए हनुमान जी हमें बल, बुद्धि तथा क्षात्रवृत्ति प्रदान कर साधना में आनेवाले विघ्नों का अवश्य हरण करेंगे ।

संदर्भ - सनातन संस्था का प्रकाशन 'श्री हनुमान'

आसान नहीं होगा निरहुआ के लिए आजमगढ़ में अपनी पिक्चर हिट करना!

प्रखर आजमगढ। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जोर शोर के साथ सभी पार्टियां लगी हुई हैं। कहा जाता है दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि देश के सभी राज्यों से अधिक लोकसभा सीटें इस प्रदेश में है। यहां कुल 80 लोकसभा सीटें हैं। आजमगढ तमसा नदी के तट पर स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है। आजमगढ़ गंगा और घाघरा नदी के मध्य बसा हुआ है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह स्थान काफी महत्वपूर्ण है। यह जिला मऊ, गोरखपुर, गाजीपुर, जौनपुर, सुल्तानपुर और अम्बेडकर जिले की सीमा से लगा हुआ है। पर्यटन के लिहाज से महाराजगंज, मुबारकपुर, मेहनगर, भवरनाथ मंदिर और अवन्तिकापुरी आदि विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। शाहजहां के शासन काल के एक शक्तिशाली जमींदार आजम खां ने 1665 ई. में आजमगढ़ की स्थापना की थी। इसी कारण इस जगह को आजमगढ़ के नाम से जाना जाता है। चीनी की मिलें और कपड़ों की बुनाई यहां के प्रमुख उद्योग हैं। दिल्ली से आजमगढ़ की दूरी 819.9 किलोमीटर है। आज हम आपको सूबे की ऐसी हॉट सीट के बारे में बताने जा रहे हैं, जो कभी सपा की गढ़ मानी जाती थी। 2022 में हुए उपचुनाव में इस सीट से बीजेपी के निरहुआ ने जीत दर्ज की थी। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को शिकस्त दी थी। हम कह सकते हैं कि आजमगढ़ सांसद यादव या मुस्लिम को ही बनाता रहा है। इस लोकसभा सीट से 1989 से यादव या मुस्लिम ही जीतते आ रहे हैं। उससे पहले भी इस सीट से यादव उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुके हैं। इस बार निरहुआ के लिए आजमगढ़ लोकसभा आसान नहीं होगी क्योंकि बीते जिस उपचुनाव में निरहुआ सांसद बने थे। उसे चुनाव में विरोधी पार्टी सपा ने कुछ ज्यादा इंटरेस्ट नहीं लिया था। लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा अपना सभी जोर-शोर लगाने पर जुटी हुई है और इस सीट को जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। बता दे कि यहां पर एमवाई फैक्टर बहुत ही ज्यादा काम करता है। जिस तरफ एमवाई फैक्टर के वोटर जाएंगे इस और सत्ता की धूरी चली जाती है। बीते कई लोकसभा चुनाव में एमवाई फैक्टर ने ही यहां के चुनाव को दिलचस्प बनाया है। आजमगढ़ लोकसभा सीट से निरहुआ या धर्मेंद्र यादव किसी को भी सीधे तौर पर आगे दिखाना बहुत जल्दबाजी होगी। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि निरहुआ भी यादव हैं और वो अपने संसदीय क्षेत्र में बीते कुछ समय से काफी एक्टिव रहे हैं। भाजपा लगातार यादव-मुस्लिम वोट को अपनी ओर करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा भाजपा के साथ इस बार ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान भी हैं। वहीं बसपा की कद्दावर नेता गुड्डू जमाली अब सपा के साथ हैं, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा की मजबूती और भी बढ़ गई है। यहां यह बात बताना भी जरूरी है कि बीते चुनाव में सपा और बसपा ने साथ मिलकर

चुनाव लड़ा था। इस बार कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन है। इसके अलावा 50 फीसदी से ऊपर अन्य जातियों के वोटर्स हैं। वहीं दलित मतदाताओं की संख्या तीन लाख के करीब है। जो हार-जीत में अहम रोल निभाती है। बसपा ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को टिकट दिया है। इसके बाद कयास लगाये जा रहे हैं कि अगर भी भीम राजभर मजबूती से लड़ते हैं, तो बीजेपी को बेहतर फायदा हो सकता है। लेकिन भीम राजभर अगर थोड़ा भी ढीले पड़े, तो सपा यहां पर मजबूत स्थिति में जा सकती है। इतिहास पर नजर डालें तो आजमगढ़ लोकसभा सीट कांग्रेस के पास पहले लोकसभा चुनाव से 1971 तक रही। 1952 में अलगू राय शास्त्री, 1957 में कालिका सिंह, 1962 में राम हरख यादव, 1967 और 1971 में चंद्रजीत यादव ने कांग्रेस से जीत दर्ज की थी। इमरजेंसी के बाद इस सीट से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की। उनके सीएम बनने पर 1978 में कांग्रेस की मोहसिना किदवई यहां से सांसद बनीं। इसके बाद जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव 1980 में अपना पताका फहराने में सफल हुए। इसके 1984 कांग्रेस के संतोष सिंह इस सीट से विजयी हुए। इसके बाद इस सीट से कांग्रेस कभी जीत नहीं पाई। बसपा के रामकृष्ण यादव 1989 में और जनता दल के चंद्रजीत यादव 1991 में आजमगढ़ से सांसद चुने गए। इसके बाद सपा के टिकट पर 1996 में रमाकांत यादव और 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी सांसद बने। इसके बाद फिर 1999 में सपा के टिकट पर रमाकांत यादव ने जीत दर्ज की। इसके बाद अकबर अहमद डंपी साल 2004 और 2008 के उपचुनाव में फिर से सांसद बने। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2009 में रमाकांत यादव ने बीजेपी के टिकट पर यह सीट जीत ली। मोदी लहर के बावजूद लोकसभा चुनाव 2014 में मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से जीत दर्ज की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2019 में आजमगढ़ लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थ। लेकिन 2022 में करहल विधानसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को शिकस्त दी थी। वर्तमान में निरहुआ यहां सांसद हैं। बीजेपी ने फिर उनपर भरोसा जताया है। 2014 के लोकसभा चुनाव और 2022 के उपचुनाव में सपा और भाजपा को शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कड़ी टक्कर दी थी। अब वह बसपा का साथ छोड़कर सपा के साथ जुड़ गए हैं। ऐसा में माना जा रहा है कि इस सीट से निरहुआ को कड़ी टक्कर मिलेगी। बतादे कि आजमगढ़ की कुल आबादी 46,13,913 लाख है। औसत साक्षरता दर 70.93 फीसदी है। इस जिले में विधानसभा की कुल 10 सीटें हैं, लेकिन आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें गोपालपुर, आजमगढ़, सगडी, मेंहनगर और मुबारकपुर हैं।

जातिगत समीकरण की बात करे तो 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर सपा ने जीत दर्ज की थी। मेंहनगर विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां एक लाख से ज्यादा दलित मतदाता, 70 हजार से ज्यादा यादव वोटर, राजभर और चौहान मतदाताओं की संख्या 35 हजार से अधिक और मुस्लिम वोटरों की संख्या 20 हजार से ज्यादा है। आजमगढ़ सदर सीट पर सबसे ज्यादा 75 हजार से अधिक यादव वोटर हैं। दलित और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 60 हजार के करीब है। मुबारकपुर में मुस्लिम मतदाता एक लाख 10 हजार से ज्यादा है। दलित वोटरों की संख्या 78 हजार और यादव मतदाताओं की संख्या 61 हजार के करीब है। सगड़ी सीट 82 हजार से ज्यादा अनुसूचित जाति के वोटर हैं। यादव 55 हजार से ज्यादा, कुर्मी 40 हजार से ज्यादा है और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 30 हजार से अधिक है। गोपालपुर में 68 हजार से ज्यादा यादव वोटर, 53 हजार से ज्यादा दलित और 42 हजार से ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। आजमगढ़ में किसी भी प्रत्याशी के लिए जीत का आधार एम-वाई यानी मुस्लिम-यादव समीकरण का काम करना बताया जाता है। इस लोकसभा सीट पर यादव मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। इनकी आबादी करीब 26 फीसदी है। इसके बाद मुस्लिम मतदाता करीब 24 फीसदी हैं। यही दोनों समाजवादी पार्टी की जीत का आधार बनते रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी की जीत में दलितों के करीब 20 फीसदी वोट और मुस्लिम वोट बैंक को माना जाता है। भारतीय जनता पार्टी की जीत का समीकरण सवर्ण, पिछड़ा वर्ग और दलित वोट बैंक के साथ-साथ यादवों के एक वर्ग का समर्थन रहा है। अब तो चुनाव बाद ही पता चल सकेगा कि आजमगढ़ की जनता किसे अपना सांसद चुनती है, क्या वर्तमान सांसद निरहुआ को ही फिर मौका देती है? या समाजवादी पार्टी को फिर से यहां पर जीत का परचम लहराने में सहयोग करेगी।

किताबों में विज्ञान की सांस मानवता की आस

रेनू सैनी

प्रारंभ से अभी तक विश्व में अनेक आविष्कार हुए हैं। उन आविष्कारों ने न केवल मानव का अपितु पूरे ब्रह्मांड का कायापलट कर दिया है। अनेक अति महत्वपूर्ण आविष्कारों में से एक आविष्कार है कलम और पुस्तक। कलम की धार जहां सबसे अधिक तीव्र मानी जाती है, वहीं पुस्तक का स्वर सबसे अधिक तीखा। वे हमसे और आपसे बातें भी करती हैं। पुस्तकों की आवाज वहां तक पहुंचती है, जहां तक कोई आवाज नहीं पहुंच पाती। आदित्य रहबर ने अपनी कविता किताबें में लिखा है कि–

किताबों का अलग एक अपना धर्म होता है
जहां विज्ञान सांस लेता है
मानवता मुस्कराती है।

पुस्तकें व्यक्ति के अंतर्मन और व्यक्तित्व को पूरी तरह संवार देती हैं। पढ़ना एक छेनी की तरह है। छेनी का प्रयोग पत्थर की आकृति को संवारने में किया जाता है। अगर छेनी का प्रयोग न किया जाए तो पत्थर किसी कलाकृति और आकृति में न ढल पाए। उसी तरह यदि पुस्तकें न होतीं तो व्यक्ति का व्यक्तित्व खुरदरा ही रहता। पुस्तकें पढ़ने से व्यक्ति का खुरदरा व्यक्तित्व चिकना होता है। अबिगैल वैन बुरेन से गंभीर पाठक अवश्य परिचित होंगे। उन्हें प्रिय एब्बी के नाम से भी जाना जाता है। वे एक मार्गदर्शन प्रदान करने वाला कॉलम लिखा करती थीं। उनका यह मार्गदर्शन वाला कॉलम 50 से भी अधिक वर्षों से चल रहा है। उनके उस कॉलम को पढ़कर अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। एक बार उनसे कहा गया कि यदि आपको युवाओं को कोई सलाह देने के लिए कहा जाए तो आप उन्हें क्या सलाह देंगी? इस पर वे मुस्कराते हुए बोलीं, यदि मैं युवाओं को सलाह दूंगी तो यह है पढ़ो, पढ़ो, पढ़ो! पढ़कर आप वास्तविक और काल्पनिक संसारों के लिए द्वार खोल देंगे। जानकारी के लिए पढ़ें, आनंद के लिए पढ़ें। हमारे पुस्तकालय ज्ञान तथा आनंद से भरे हुए हैं और यह सब यहां पर मौजूद हैं। जो व्यक्ति पढ़ता नहीं है, वह उस व्यक्ति से बेहतर स्थिति में नहीं है, जो पढ़ नहीं सकता।

पुस्तकें जीवन का ऐसा हथियार हैं जो मुसीबत और समस्याओं के सामने सर्वोत्तम हथियार साबित होती हैं। पुस्तकें बोलती हैं क्योंकि इनको पढ़ने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व में गजब का सकारात्मक परिवर्तन आ

जाता है। पुस्तकों से बातें करने वाला व्यक्ति समाज को ऐसे मार्ग पर ले जाता है जहां पर समाज सुखद परिवर्तनों से चौंक उठता है। यशोदा, उत्तर प्रदेश स्थित कौशांबी गांव से है। उनका परिवेश पूरी तरह से हिन्दी था। उन्होंने 12वीं कक्षा हिन्दी माध्यम से पास की थी। बचपन से ही यशोदा को पढ़ने का बहुत शौक था। किताबों के इस शौक ने यशोदा को न केवल मुसीबतों से उभारा, बल्कि उसके अंदर एक ऐसा हुनर भी उत्पन्न किया जिससे गांव वाले दांतों तले अंगुली दबाते रह गए। लगभग 28 वर्षीय यशोदा विवाहित है। पहले यशोदा ग्रामीण बहुओं की तरह रहकर अपने सास-ससुर की सेवा करती थी। एक दिन उनके पति राधे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। वे दिहाड़ी मजदूर थे। उनके बिस्तर में पड़ने से रोजी-रोटी की दिक्कतें बढ़ गईं। घर का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया। अब परिवार क्या करे? ऐसे में यशोदा ने पुस्तकों के माध्यम से स्वयं को निखारा। उसने बहुत सोचा-विचारा कि आखिर अपने पुस्तक प्रेम से वह कैसे रोजगार की तलाश पूर्ण करे? एक दिन उसने अपने आसपास देखा तो पाया कि वहां की बालिकाएं और युवा अंग्रेजी से बहुत झिझकते थे। बस यशोदा को राह मिल गई और वे इस राह पर चल पड़ी। किसी को कुछ सिखाने से पहले उसमें स्वयं प्रवीण होना अनिवार्य है। ऐसे में यशोदा ने कमर कस ली। उन्होंने अंग्रेजी की पुस्तकें एवं समाचार-पत्र पढ़ने आरंभ कर दिए। अनेक पुस्तकें ऑनलाइन ऑर्डर कर उनको पढ़ा। पुस्तकें पढ़ने के बाद उन्होंने अंग्रेजी बोलने और लिखने का अभ्यास किया। अंग्रेजी बोलने वाले वीडियो लगातार सुने। जब उन्हें लगा कि अब वे अपने कार्य में कुशल हो गई हैं तो उन्होंने गांव की बच्चियों और विद्यार्थियों को अंग्रेजी की कक्षाएं देनी आरंभ कर दीं। उन्होंने अपना अंग्रेजी सिखाने का यूट्यूब चैनल भी खोल लिया। कुछ ही समय बाद उनका गांव प्रसिद्ध हो गया। जब लोगों ने यह देखा कि एक ग्रामीण बहू घूंघट में अंग्रेजी बोलती है तो सभी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। यशोदा का कहना है कि, यदि पुस्तकें मेरी मित्र नहीं होतीं तो मैं कभी भी अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती। आज मैं जो कुछ भी हूं वह सिर्फ पुस्तकों के कारण हूं।

यशोदा के गांव में अब सभी शिक्षा और पुस्तकों के महत्व को समझ गए हैं। लैकोरडेयर का कहना है कि, जीवन को सुखी बनाने के लिए केवल तीन चीजें आवश्यक हैं–ईश्वर की कृपा, पुस्तकें और एक मित्र। जो व्यक्ति पुस्तकों की आवाज सुनता है, उनको गुनता है उस पर ईश्वर की कृपा स्वयंमेव ही हो जाती है। इसके साथ ही उसके अच्छे मित्र भी बन जाते हैं क्योंकि ज्ञानवान और विवेक व्यक्ति का साथ सभी पसंद करते हैं। पुस्तकें बोलती हैं, बातें करती हैं और राह दिखाती हैं। यदि आपने अभी तक पुस्तकों से बातें करना आरंभ नहीं किया है तो देर मत कीजिए। आज और अभी किसी भी पुस्तक को उठाइए, उसे खोलिए और पढ़ना आरंभ कर दीजिए। पुस्तक पढ़ने के बाद आप पाएंगे कि आपके ज्ञान चक्षु पूरी तरह खुल गए हैं।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स का द्वितीय प्रशिक्षण विकास भवन में संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपु। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन सभागार मे सम्पन्न हुआ, इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया एवं वी0वी0 पैट, वी0यू0, सी0यू0 के तकनीकि जानकारी एवं संचालन आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। डिस्ट्रिक लेवल मास्टर ट्रेनर ओ पी भारती, सौरभ पाठक एवं राजवंशी सिंह द्वारा 46 मास्टर ट्रेनर्स को प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टेप-टू-स्टेप प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट, ईवीएम, वीवीपैट की पूरी जानकारी तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों को मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यों एवं दायित्व के बारे में बताया गया, मतदान प्रारंभ होने से मतदान समाप्ति तक पीठासीन अधिकारी को क्या-क्या करना है, की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें पीठासीन अधिकारी की डायरी भरने, चौलेंज वोट, टेंडर वोट सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीनियर मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे सीआरसी क्या है, पीठासीन कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17 ए क्या है, 17 सी क्या है, टेंडर वोट क्या है, चौलेंज वोट क्या है, वोटिंग कंपार्टमेंट में कौन-कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और नए अपडेट्स आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी, समस्त मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

नामांकन में फिसड्डी होते देख खुद कमान संभालने उतरे अधिकारी

पिंडरा। परिषदीय विद्यालयों में इस समय प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन अपेक्षानुरूप नामांकन न होने पर अब शिक्षा अधिकारी खुद गांव में भ्रमण करने में लगे हुए है। प्रवेश उत्सव में नामांकन के अभियान को जोर देने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा स्वयं सोमवार को रमईपट्टी गांव पहुचे और परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करते हुए दो बच्चों का स्वयं नामांकन कम्पोजिट विद्यालय रमईपट्टी में प्रवेश कराया। वही शिक्षको से शासन के मंशानुरूप अधिकाधिक संख्या में नामंकन करने निर्देश दिए। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय जमालपुर का निरीक्षण किया और कायाकल्प के कार्यो को पूर्ण करने के साथ नामांकन पर जोर देने का निर्देश दिया। इस साफ सफाई व गर्मी को देखते हुए विशेष ध्यान देने के साथ गाइड लाइन के अनुसार शैक्षणिक कार्य करने के निर्देश दिया।

लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के क्रम में जागरुकता अभियान जारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता जागरूक किये जाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । जिसमें श्री महंत रामाश्रय दास इण्टर कालेत तिरछी गाजीपुर में पोस्टर, बैनर, स्लोगन के माध्यम से स्कूल के अध्यापक एवं छात्र/छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया। 01 जून, 2024 को अपना अपना शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए मतदान के प्रति शपथ दिलायी गयी।

रोड हुए गड्ढा मुक्त लोगों को मिली सहूलियत

सकलडीहा। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही चुनाव से पूर्वी रोड़ो को गड्ढा मुक्त करने का क्रम जारी है। सकलडीहा से अलीनगर जाने वाले रास्ते पर इन दिनों गड्ढे को पाट कर रोड को गड्ढा मुक्त करने का क्रम जारी है। जिसके तहत तेंदूईपुर, ताजपुर,बथावर, सरेहुवा से लेकर कई क्षेत्रों में रोड को गड्ढा मुक्त किया गया। जिससे इन रोडो से आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी हद तक सहूलियत प्राप्त हो रही है। ज्ञात हो की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही प्रदेश के रोड को गड्ढा मुक्त करने का वादा किया गया था। वहीं सरकार द्वारा प्रदेश में लगातार सीसी रोड से लेकर इंटरलॉकिंग रोड व हाईवे निर्माण का कार्य दिन प्रतिदिन किया जा रहा है। वही कुछ रोड़ों पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण रोड क्षतिग्रस्त हो गए थे जिससे इन रोडो से आवागमन करने वाले राहगीरों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

विद्युत पंचायत की मीटिंग सम्पन्न, वेतन के लिए विभाग से दो दो हाथ की तैयारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में एक आवश्यक मीटिंग विद्युत उपकेंद्र पारा पर की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि उपखंड पारा के अंतर्गत जितने विद्युत भी उपकेंद्र आते हैं उन सभी कर्मचारियों का फरवरी और मार्च महीने का वेतन अभी तक नहीं दिया गया कर्मचारियों से दिन-रात कार्य लिया जा रहा है लेकिन वेतन दिलाने के नाम पर अधिकारी मौन साधे हुए हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि उपखंड पारा के अंतर्गत सहायक एसएसओ की ड्यूटी फील्ड में लगाई जा रही है जो कि सरासर गलत है सहायक

एसएसओ की ड्यूटी पावर हाउस पर होनी चाहिए। किसी भी कीमत पर सहायक एसएसओ को फील्ड में जाने से रोका जाएगा वही संगठन के जिला मंत्री विजय शंकर राय ने कहा कि संविदा लाइनमैन, मीटर रीडर और कंप्यूटर ऑपरेटर का भी भुगतान नहीं हो रहा है कंपनी और अधिकारी मिलकर इनका शोषण कर रहे हैं अगर जल्द से जल्द इनका भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आगामी रणनीति के तहत खंड प्रथम में कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर प्रिंस कुमार, गौरव सिंह, उमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, रमेश राम, राम विलास, राजू, आलोक, अमिताभ, मोहम्मद आबिद, गोविंद उपस्थित रहे।

काशी द्वार योजना के विरोध में रात्रि में बैठे किसान को उठाया और भेजा जेल, किसानों में आक्रोश

पिंडरा। गत दो माह से काशी द्वार योजना रद्द करने की मांग को लेकर अनवरत धरने पर बैठे किसानो को फूलपुर पुलिस ने आचार संहिता में बिना परमिशन के धरना देने पर बैठने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिससे किसानों में काफी आक्रोश दिखा और तहसील पर पहुची आधा दर्जन महिलाओं को हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया गया। बताते चलें कि काशी द्वार योजना के विरोध में किसान तहसील पिंडरा में दो महीने से धरने पर बैठे थे। किसानों को धरना खत्म करने को लेकर डीएम से लगायत पुलिस अधिकारियों के साथ लेकर कई दौर की वार्ता हुई थी। लेकिन हर बार वार्ता असफल रही। इसी बीच बीती रात फूलपुर पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चुनाव आचार संहिता लागू होने व धारा 144 लागू होने के बाद भी बिना किसी परमिशन के धरना देने का आरोप लगाते हुए रात्रि में धरने पर बैठे संतोष पटेल व बुजुर्ग गिरधारी पटेल को उठा ले गई।सुबह बुजुर्ग गिरधारी लाल परिजनों को सुपुर्द कर दिया और किसान नेता सन्तोष पटेल को 151 में चालान कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पीडीए के नेता व केराकत विधायक तूफानी सरोज, मछलीशहर संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी प्रिया सरोज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व जिला उपाध्यक्ष राजीव राम समेत अनेक नेता थाने पर

पहुच कर किसान नेता सन्तोष पटेल को छोड़ने की मांग करने लगे। इस बाबत प्रिया सरोज ने इंस्पेक्टर फूलपुर को प्रार्थना पत्र भी दिया। लेकिन पुलिस उसे 151 के तहत चालान करते हुए जेल भेज दिया। वही नेताओ ने पुलिस के ऊपर किसान नेता को पीटने का आरोप लगाया। लेकिन पुलिस इससे इनकार किया। वही किसान नेता को जेल भेजने की सूचना गांव में मिली तो महिला व पुरुष तहसील पिंडरा स्थित धरना स्थल पर पहुच गए और रिहाई की मांग करने लगे । जिसपर पुलिस के तेवर देख कुछ किसान इधर उधर हो गए लेकिन तीन महिलाएं डटी रही। जिसपर महिला पुलिसकर्मी उन्हें थाने पर ले जाने के बाद परिजनों को सुपुर्दगी में सौप दिया। उसक बाद से धरना प्रदर्शन खत्म हो गया। वही पुलिसिया कार्रवाई होते देख धरना को हवा देने वाले भी हवा हो गए। वही किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह ने कहाकि पुलिस धरना स्थल से टेंट, साइकिल, चौकी व बाइक को उठा ले गई लेकिन बताने से इनकार कर रही है। वही एसीपी प्रतीक कुमार ने बताया कि केवल किसान नेता को पुलिस ले गई सामानों के बाबत कोई जानकरी नही है।

मठ में पीठाधीश्वर ने मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट के कार्यो का निरीक्षण किया

चहनियां। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में मुख्यमंत्री द्वारा दिये 225 करोड़ के प्रोजेक्ट से बन रहे पर्यटन केन्द्र का पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी ने निरीक्षण किया ।नवरात्रि के बाद भक्तों को दर्शन दिया । वही प्रोजेक्ट को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। रामगढ़ स्थित मठ में 2021 में कीनाराम महोत्सव में आकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आकर 225 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट से पर्यटन केन्द्र बनाने का घोषणा किया था ।कुछ कारणों से दो वर्ष कार्य ठप्प रहा ।बिगत पिछले वर्ष से कार्य प्रारंभ हुआ ।कार्य की प्रगति को लेकर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी ने बन रहे पर्यटन केन्द्र के अंतर्गत किचन, बाउंड्रीवाल, पार्क, तालाब, शौचालय,पिच रोड आदि का निरीक्षण किया ।वही इस दौरान उन्होंने एमसीसी एमडी यूके सिंह, एमडी इंजीनियर,जेई को तत्काल पूर्वक ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान बाबा पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी ने कहा कि कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस दौरान प्रधान व्यवस्थापक अरुण सिंह, मठ व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह,प्रधान आशुतोष कुमार सिंह,शशि शंकर सिंह, सूर्यनाथ सिंह,दीपेश सिंह, दिनेश सोनकर, पंकज पाण्डेय,नवीन सिंह, भोला सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में विद्यालय में मिला प्रथम स्थान

तेजीबाजार (जौनपुर)। शनिवार को घोषित हुए हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में छात्र/छात्राओं ने नब्बे फीसदी से अधिक अंक हासिल कर नाम रोशन कर दिया। इसी कड़ी में स्थानीय जयहिंद इंटर कालेज में राजेपुर निवासी अश्वनी मौर्या पुत्र ओमप्रकाश ने दसवीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही तेजीबाजार निवासी तनमय ऊमर वैश्य पुत्र सतीश चंद्र ऊमर वैश्य ने इसी विद्यालय में दसवीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में खुंशापुर निवासी मानवेंद्र सिंह पुत्र सतीश सिंह ने 81प्रतिशत अंक हासिल कर गांव का नाम रोशन कर दिया है। शंकरगढ़ अटरा निवासी अरविंद तिवारी की भतीजी

नवदिता तिवारी पुत्री नवीन तिवारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपने विद्यालय में टॉप कर दिया है।।छात्र /छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रिंसिपल हरिश्चंद्र मौर्य, सुनील तिवारी सर सहित सभी स्टाफगणों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में संदीप गुप्ता पत्रकार, दुर्गावती देवी, नृपेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, कमलेश उपाध्याय, सतीश गुप्ता, हौशिला विश्वकर्मा, संतोष सिंह, प्रशांत सिंह, चंद्रकांत यादव सहित सभी लोगों ने अपना आशीर्वाद दिया है।

धर्मा देवी सोनी इंटर कॉलेज का शत प्रतिशत रहा परिणाम

महराजगंज (जौनपुर)। क्षेत्र के केवटली स्थित धर्मा देवी सोनी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम शत प्रतिशत रहा।जिसमे खुशबू यादव - 92%.,साक्षी पाण्डेय -89% ,अंशिका श्रीवास्तव.82%,रजंना गौतम - 82%,सूरज गुप्ला 82%-अर्पित - 87%,दीपक कुमार - 82%,उत्तम गुप्ता 80% व रुक्मिणी यादव आँचल गिरी सहित दर्जनों छात्र छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किए।परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के प्रबंधक शिवपूजन सेठ, अध्यक्ष भोला प्रसाद सेठ, अध्यापक भरत उपाध्याय, एच पी तिवारी ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बधाई दी।और उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

भाजपाजनों ने आग लगी के पीड़ितों से मिल सहयोग का दिया आश्वासन

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के नादी निधौरा ग्राम पंचायत के पुरवा में बीते शुक्रवार की देर रात को आगलगी की घटना में 12 परिवार के रिहायशी मड़ई सहित काफी सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया था। जिसकी सूचना पर भाजपा नेता जयश्याम त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा जनों का एक प्रतिनिधि मण्डल पुरवा गाँव जाकर पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी लिया और केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय से वजरिये मोबाइल बात कराया। नादी के पुरवा गाँव में शार्ट सर्किट से निषाद बस्ती में आग बिकराल रूप धारण कर लिया और उससे तीन गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट होने से पांच मोटर साइकिल, 11साइकिल, एक ठेला गाड़ी, एक जनरेटर सहित 13 रिहायशी मड़ई और उसमें रखा गृह उपयोगी सारे सामान कपड़े आदि जलकर राख हो गये। चारो तरफ चित्कार मच गया था। जिसकी जानकारी होने पर केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर भाजपा जनों का एक प्रतिनिधि मण्डल घटना स्थल पर पहुँचा और पीड़ितों की बात केंद्रीय मंत्री से कराकर शासन स्तर पर तत्कालिक सहयोग प्रदान कराया। भाजपा नेता डॉ जयश्याम त्रिपाठी ने कहा कि मंत्री जी इस घटना से काफी दुखी है और उन्होंने डीएम से बात करके पीड़ितों को हर संभव मदद यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मंत्री जी स्वयं बहुत जल्द पुरवा पहुंचकर पीड़ितों से मिलेंगे। इस दौरान अभिमन्यु मिश्रा, संकठा राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गाजीपुर सदर क्षेत्र के खावपुर मे गोली लगने से युवक की हालत गंभीर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को देर शाम करीब 08.05 बजे थाना कोतवाली पर सूचना प्राप्त हुई कि संजय कुमार पासी पुत्र ध्रुव कुमार पासी निवासी ग्राम बिंदपुरवा महराजगंज थाना कोतवाली उम्र करीब 37 वर्ष को ग्राम खावपुर सतही थाना कोतवाली में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पुरानी रंजिस या विवाद को लेकर गोली मारी गयी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पाते ही तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दीन दयाल पांडेय द्वारा मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच घायल को इलाज हेतु जिला अस्पताल गाजीपुर ले जाया गया, जहाँ पर प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल उपरोक्त को ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर किया गया। मौके पर कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। सम्बंधित पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पत्रकार वसीम रजा बने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सोशल जस्टिस प्रोटेक्शन सेल के महासचिव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूर्वांचल में एक दशक पूर्व से हिंदी पत्रकारिता प्रिंट एवं डिजिटल इंटरनेट मीडिया के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवा पत्रकार एवम समाजसेवी वसीम रजा को देश की एकता अखंडता संप्रभुता एवं भारतीय संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखने एवं मानवाधिकार की रक्षा, सामाजिक न्याय के पक्षधर, गरीबों दलितों पिछड़ों के सामाजिक न्याय की लड़ाई एवं उनके मानवाधिकार की रक्षा एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण के प्रति समर्पित भावना को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार के संरक्षण के अतिरिक्त सूचना अधिकार एवं उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत भारत सरकार के पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1882 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रमेव जयते फाउंडेशन ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन नंबर IV-19/2013 की केंद्रीय कार्य समिति के अनुमोदन पर राष्ट्रमेंवजयते फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य ट्रस्टी वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने वसीम रजा को फाउंडेशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सोशल जस्टिस प्रोटेक्शन सेल का उत्तर प्रदेश का महासचिव मनोनीत किया है। ट्रस्टी श्रीवास्तव ने वसीम रजा से आशा व्यक्त की है कि फाउंडेशन के संविधान के उद्देश्यों के पूर्ति के क्रम में कार्य करते रहेंगे।

650 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त रेवतीपुर पुलिस के गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना रेवतीपुर पुलिस द्वारा सोमवार को उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे मय हमराहियान के तलाश वाँछित अभियुक्त/वारण्टी व रोकथाम जुर्म जरायम में नौली अठहठा मोड़ पर मामूर थे हम पुलिस वालो की गाडी को अचानक देख कर एक व्यक्ति ग्राम अठहठा जाने वाले मार्ग की तरफ तेज कदमों से भागने लगा कि शक होने पर हम पुलिस वाले कुछ दूर दौड़ाकर घेर घार कर समय 03.20 AM पर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम उपेन्द्र यादव पुत्र राधाकृष्ण यादव निवासी ग्राम अठहठा थाना रेवतीपुर गाजीपुर उम्र 20 वर्ष बताया। जिसकी जामा तलाशी लिया गया तो हाथ में लिए एक प्लास्टिक की पन्नी में कुल 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 48/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे थाना रेवतीपुर, कांस्टेबल संगम शुक्ला थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

रेवतीपुर पुलिस ने किया पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना रेवतीपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2024 धारा 376 भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष को जरिये मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम त्रिलोकपुर से सोमवार को समय करीब 19.00 बजे अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । जिसका नियमानुसार चालान मा0 न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त विकास उम्र 22वर्ष पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुरका निवासी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे थाना रेवतीपुर, कांस्टेबल सौरभ पाण्डेय थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

ओमप्रकाश राजभर के मृतक माता को शोक संवेदना ब्यक्त करने पहुंचे : डा. महेंद्र नाथ पांडेय

चन्दौली। लोकसभा चन्दौली के लोकप्रिय सांसद केंद्रीय मंत्री के मीडिया प्रभारी हरिवंश उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज चन्दौली के सांसद केंद्रीय मंत्री डाक्टर महेंद्र नाथ पांडेय जी फत्तेपुर कटौना गांव पहुंचे जहां उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के घर जाकर मृतक माता प्रति अपना शोकाकुल परिवार में शोक संवेदना ब्यक्त किया। तथा ढकवा चौबेपुर में दलित परिवार के रहने वाले गत दिनों दुर्घटना से मौत तीन पेपर हाकरों के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना ब्यक्त किया एवं ढांढस बंधाया।मौके पर उनके गरीब परिवार जनों को सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने की बात कही तथा जिलाधिकारी वाराणसी से वार्ता कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कराकर तत्काल सहयोग करने के लिए निर्देशित किया।

लोकसभा चुनाव मे सपा प्रत्याशी की बढ़ी मुश्किलें

चन्दौली। लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। यहां विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गई है।समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्यासी वीरेंद्र सिंह के सामने मुश्किलें कम होती नहीं नजर आ रही हैं। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव और पूर्व विधायक मनोज सिंह अभी भी चुनावी जनसभाओं में दिखाई नहीं दे रही हैं। जबकि प्रत्याशी ने दोनों नेताओं से मिलकर उन्हें मनाने की कोशिश की थी।सकलडीहा से सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने पार्टी प्रत्याशी के लिए चुनावी प्रचार-प्रसार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। ऐसे में सपा नेताओं की मौन बगावत के चलते चंदौली में पार्टी दो धड़ों में बंटती हुई दिख रही है।माना जा रहा कि स्थानीय नेताओं की नाराजगी का कारण यह है कि चंदौली लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह कई दलों में रह चुके हैं। ऐसे में पार्टी नेता उनका नेतृत्व स्वीकार करने की जगह दूरी बना रहे हैं।

जाटलैंड में मुकाबला कांटे का, भाजपा और कांग्रेस के लिए कठिन डगर

भाजपा पर जीत का दबाव, कांग्रेस के सामने अस्तित्व की लड़ाई



चंडीगढ़ । जाटलैंड के नाम से मशहूर सोनीपत और रोहतक लोकसभा सीट पर पूरे राज्य की नजरें हैं। दोनों ही सीट पर कई ऐसे समीकरण बन रहे हैं, जिससे भाजपा और कांग्रेस के बीच रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। भाजपा पर जहां अपने प्रदर्शन दोहराने का दबाव है, वहीं, अपने अस्तित्व बचाने के लिए कांग्रेस के सामने करो-मरो जैसी स्थिति है। सोनीपत और रोहतक कांग्रेस का गढ़ रहा है। रोहतक में कांग्रेस 18 में से 11 बार जीती है। पिछले चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटों पर कब्जा किया था।

हरियाणा की दस में से इन्हीं दो ऐसी सीटों पर कांग्रेस को कम अंतर से हार मिली थी। ऐसे में कांग्रेस को इन दोनों सीटों से ही उम्मीद है। सोनीपत में कांग्रेस के उम्मीदवार व राज्य के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भाजपा सांसद रमेश कौशिक ने करीब एक लाख 64 हजार वोटों से हराया था। वहीं, रोहतक में भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने कांग्रेस के उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को मात्र साढ़े सात हजार वोटों से पटखनी दी थी। सोनीपत और रोहतक में हुड्डा परिवार का अच्छा प्रभाव माना जाता है। पिछले चुनाव की हार हुड्डा परिवार आज तक पचा नहीं पाया और अपनी हार का बदला लेने के लिए हुड्डा परिवार और कांग्रेस ने इस बार पूरा जोर लगा रखा है। वहीं, पीएम मोदी के 400 पार के नारे की वजह से हरियाणा भाजपा पर राज्य की दसों सीट पर कमल खिलाने का दबाव है। दोनों लोकसभा क्षेत्र की 18 विधानसभा सीटों में 12 पर कांग्रेस का कब्जा और भाजपा का सिर्फ चार सीटों पर है।

सोनीपत में पिछले तीन चुनावों में भाजपा का वोट बैंक तो बढ़ा, मगर आसान नहीं डगर

सोनीपत लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनावों में भाजपा का वोट बैंक बढ़ा है। इसके बावजूद पार्टी की राह इतनी आसान नहीं है। भाजपा के उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। साल 2019 में उन्होंने विधानसभा चुनाव मात्र 2662 वोट से जीता था। पिछले लोकसभा चुनावों में मिले वोट और पीएम मोदी के चेहरे के सहारे वह मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 52 फीसदी वोट मिले, वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार को 37 फीसदी से वोट मिले। हालांकि 5 महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों का वोट बैंक खिसका, मगर ज्यादा नुकसान भाजपा को हुआ। इस सीट के अधीन आते नौ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 33.4 फीसदी वोट मिले जबकि भाजपा को 35 फीसदी। भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने पांच और जजपा ने एक सीट जीती। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 27.4 और भाजपा को 35.3 वोट मिले। इन चुनावों के जब विधानसभा चुनाव हुए तो कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा और भाजपा का कम हुआ। पिछले दो ट्रेंड से पता लगता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट बैंक शेयर बढ़ता है, मगर विधानसभा चुनाव में कम हो जाता है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात विधानसभा में लीड ली, जबकि दो विधानसभा क्षेत्र खरखौदा और बरोदा से भूपेंद्र सिंह हुड्डा आगे रहे। जिन सात विधानसभा सीट पर भाजपा आगे थी, उनमें जींद जिले की तीन सीटें सफीदों, जींद और जुलाना शामिल हैं।

राजनीतिक राजधानी रोहतक में कम अंतर दोनों पार्टियों के लिए खतरे की घंटी, पिछले चुनाव में थी कांटे की टक्कर

रोहतक को हरियाणा की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में रोहतक में भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा को 47 फीसदी और कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को 46.4 फीसदी वोट मिले। दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि लोकसभा चुनाव में इतना कम मार्जिन खास मायने नहीं रखता। रोहतक लोकसभा में नौ विधानसभा सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रोहतक, कलानौर, बहादुरगढ़ और कोसली विधानसभा क्षेत्र में बढ़त ली थी। वहीं, कांग्रेस महम, गढ़ी सांपला-किलोई, बादली, झज्जर और बेरी में आगे रही। दीपेंद्र कोसली से 75 हजार वोट से पिछड़ गए थे। दीपेंद्र को 42,845 वोट मिले और अरविंद शर्मा को 1,17,825 वोट मिले। कोसली अहीरवाल बेल्ट से लगती है, जिस पर भाजपा नेता राव इंद्रजीत का प्रभाव है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटें जीतीं। बाकी दोनों में से एक पर भाजपा व एक निर्दलीय जीता। बीते पांच साल में भाजपा ने हुड्डा के गढ़ में सेंध लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। पूर्व सीएम मनोहर लाल रोहतक में सक्रिय रहे हैं। सीएम रहते वह लगातार रोहतक का दौरा करते रहे। साथ ही कई लोगों को भाजपा में शामिल कराया। इनमें पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा भी शामिल हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पिछली हार से सबक लेते हुए छोटी-छोटी बैठकें कर नॉन जाट वोटों को अपनी ओर खींचने में जुटी है।

मेम्फिस में गोलीबारी, दो की मौत, छह लोग घायल

मेम्फिस । अमेरिका के टेनेसी राज्य के मेम्फिस शहर में एक पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य छह घायल हो गए। मेम्फिस पुलिस विभाग ने रविवार को जानकारी दी। पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा कि स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 7:19 बजे अफसरों ने कार्नेस एवेन्यू के 2400 ब्लॉक में हुई गोलीबारी पर प्रतिक्रिया दी। अधिकारियों ने घटनास्थल पर गोलियों के घावों से पीड़ित पांच लोगों की पहचान की, जिनमें से तीन को ले जाया गया क्षेत्रीय अस्पतालों में गंभीर हालत में, और दो पुरुषों को मृत घोषित किया गया। गोलीबारी में कुल 6 लोग घायल है जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

लू की खबर पढ़ते हुए टीवी पर बेहोश हुई टीवी एंकर

कोलकाता। दूरदर्शन की कोलकाता शाखा में बतौर टीवी एंकर काम करने वाली लोपामुद्रा सिन्हा देश में लू चलने की खबर को पढ़ रहीं थी, उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गईं। हालांकि कार्यक्रम के प्रोड्यूसर ने समय से ही लोपामुद्रा के बेहोश होने की स्थिति को भांप लिया था और टीवी पर एक एनीमेशन चला दिया, जिससे कार्यक्रम के दौरान असहज स्थिति न बने। बाद में चैनल के सहकर्मी किसी तरह लोपामुद्रा को मुंह पर पानी के छींटे मारकर उन्हें होश में लाए। लोपामुद्रा सिन्हा ने घटना के बाद सोशल मीडिया पर लाइव आकर घटना की जानकारी दी।

।। आज का इतिहास ।।

- 1500: पुर्तगाली नाविक पेड्रो ब्रलवेर कैब्राल ने ब्राजील की खोज की।
- 1521: फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंकाइस प्रथम ने स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की।
- 1792: अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने यूरोप के युद्ध में तटस्थता की घोषणा की।
- 1870: रूस के मार्क्सवादी विचारक व्लादिमीर लेनिन का जन्म।
- 1884: थॉमस स्टीवंस ने दुनिया भर में पहली बाइक यात्रा शुरू की।
- 1898: अमेरिकी राष्ट्रपति मैककिनले ने क्यूबा बंदरगाहों की नाकेबंदी का आदेश दिया।
- 1906 : यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
- 1915: प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस क्लोरीन का प्रयोग किया।

कटिहार लोकसभा क्षेत्र में अमित शाह बोले

कांग्रेस ने ओबीसी का विरोध किया लालू परिवार उसी की गोद में बैठा

● कटिहार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के कटिहार लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने जदयू उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी को वोट देने की अपील की। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि मोदी जी इस देश में जातिवाद और तुष्टिकरण को समाप्त करने का काम किया। इतने सालों से कांग्रेस और लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ। लेकिन, गरीबी नहीं हटी थी। 10 साल में ही मोदी जी ने देश की जनता को मुफ्त में पांच किलो अनाज देने का काम किया। 12 करोड़ शौचालय और चार करोड़ घर देने का काम किया। 10 करोड़ से ज्यादा माताओं को उज्ज्वला गैस देने का काम किया। पिछले 10 साल के अंदर पीएम मोदी ने गरीबों के जीवन में परिवर्तन में लाने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि लालू और कांग्रेस एक होकर भाजपा और जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न बिहार को जंगलराज में बदलकर इस लालू प्रसाद यादव ने रख दिया था। गरीब, पिछड़ा और दलित पर अत्याचार होते थे। जब से एनडीए की सरकार आई तो गरीबों पर अत्याचार खत्म हो गया। आज लालू यादव कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हैं। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया। काका साहेब कालेलकर कमीशन की रिर्पोट को दबाकर रख दिया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ों के विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोद में लालू यादव और उनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहला अति पिछड़ा पीएम नरेंद्र मोदी को बनाने का काम किया। एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटे को भाजपा को प्रधानमंत्री बनाया। पीएम मोदी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा देकर आयोग बनाने का काम किया। 16 नई जातियों को ओबीसी में जोड़ने का काम किया। गृह मंत्री बिहार और सीमांचल में कई विकास योजनाओं का जिक्र किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा इंडी गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। नीतीश बाबू ने बिहार के घर-घर में बिजली पहुंचाई है। लेकिन, कांग्रेस और लालू प्रसाद फिर से पिछड़ों पर अत्याचार करना चाहती है। मैं लालू जी और कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपकी सरकार थी, लेकिन बिहार को क्या दिया? मोदी जी ने 10 साल में काफी कुछ दिया। मोदी ने कांग्रेस के दो लाख अस्सी हजार करोड़ के बदले नौ हजार 23 हजार करोड़ रुपया बिहार के विकास के लिए दिया। इसके अलावा चार लाख करोड़ सड़क और पुल के लिए, एक लाख करोड़ रेलवे के उत्थान के लिए दिया है।

हमने घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया

गृह मंत्री ने कहा कि बिहार वालों आप बताओ कश्मीर हमारा है या नहीं? खड़गे जी कहते हैं बिहार और राजस्थान को कश्मीर से क्या लेना देना। धारा 370 को लालू और कांग्रेस पार्टी पिछले 70 साल बचाकर बैठी थी। मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया। मोदी जी ने नक्सलवाद समाप्त किया और आतंकवाद पर नकेल कसी। कांग्रेस की सरकार में आतंकवादी आए दिन बम धमाके करते थे, अशांति फैलाते थे लेकिन कोई कुछ नहीं करता था। मोदी जी आई तो उरी और पुलवाला में हमला हुआ। इन दोनों हमले के 10 दिन के अंदर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक किया गया और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया करने काम किया।

सुनीता केजरीवाल बोलीं-अरविंद को जेल में मारने की साजिश

दिल्ली सीएम को इंसुलिन नहीं दी जा रही, आतिशी इंसुलिन लेकर जेल पहुंचीं

नई दिल्ली । दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा- केंद्र अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है।

सुनीता रांची में इंडी की रैली को संबोधित कर रही थीं।इधर, तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल ने शनिवार को एम्स को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस पत्र को आप ने भी रविवार को शेयर किया। इस बीच, रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पूर्व आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है। अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी।

सरकार का झूठ उजागर अब हो गया है: आप

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि तिहाड़ की रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा है। सबसे पहले केजरीवाल की शुगर को बेतरतीब ढंग से मापा गया। जब भी शुगर लेवल कम हुआ है, रिपोर्ट में केवल वही रिकॉर्ड है। ये अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश है। केजरीवाल बार-बार जेल प्रशासन से इंसुलिन मांग रहे हैं, लेकिन वे इसे देने के लिए तैयार नहीं हैं। केंद्र कहती रही कि केजरीवाल की देखभाल को जेल में विशेषज्ञ मौजूद है। तिहाड़ के डीजी एम्स को डायबिटोलॉजिस्ट भेजने चिट्ठी लिखने के बाद उनका झूठ उजागर हो गया है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की अपील पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीसी करवाई। इसमें अस्पताल के सीनियर डॉक्टर के अलावा तिहाड़ के चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे।

पंकज त्रिपाठी के बहनोई का सड़क हादसे में निधन

नई दिल्ली। एक्टर पंकज त्रिपाठी के बहनोई राकेश तिवारी का रोड एक्सीडेंट में निधन हो गया है। शनिवार शाम 4 बजे धनबाद जिले के निरसा चौक के समीप एनएच2 पर हुई इस सड़क दुर्घटना में पंकज की बहन सविता तिवारी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। धनबाद के ही हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। उनका पैर फ्रैक्चर हुआ है पर वो खतरे से बाहर हैं। खबर मिलते ही पंकज त्रिपाठी मुंबई से कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से धनबाद के लिए रवाना हो गए हैं। पंकज के बहनोई राजेश तिवारी चितरंजन रेल कारखाना में काम करते थे।

उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता भिड़े, कुर्सियां फेंकी

रांची । झारखंड के रांची में इंडिया गंठबंधन की तरफ आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में विभिन्न जगहों से आये कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों की बीच झड़प हो गई है जिसमें चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के भाई की घायल हो गए।

घटना के बाद तुरंत घायल को अस्पताल ले जाया गया। वहीं प्रशासन ने मामले को शांत कराया। इंडिया गठबंधन के सभी दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद स्वागत संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। आक्रोशित कार्यकर्ता के हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला।

महायुद्ध जैसे बन रहे हालात, ईरान के कदम से भारत की मुश्किलें बढ़ेंगी

नई दिल्ली । इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सिर्फ मध्य पूर्व ही नहीं पूरी दुनिया की नजरें इस वक्त इन दो ताकतवर मुल्कों पर है। दुनिया के सामने एक महायुद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसने भारत समेत कई देशों की चिंता बढ़ा दी है।

भारत की इसलिए क्योंकि ईरान अगर होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध कर देता है तो भारत के लिए कच्चे तेल का आयात मुश्किल हो जाएगा। इससे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों का कहना है कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच हालिया तनाव का पहला चरण 1 अप्रैल को तब शुरू हुआ जब इजरायली सेना ने सीरिया में ईरानी दूतावास में धमाका किया।

हमले में ईरान के टॉप कमांडर समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 300 ड्रोन और मिसाइलें छोड़ दी। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल के सुरक्षा कवच आयरन डोम की मदद से 99 फीसदी हमले नाकाम कर दिए गए। जवाब में इजराइल ने भी गुरुवार रात ईरान में धमाके किए। हालांकि इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजराइल ने ली है और न ही ईरान ने खुद पर हमला होने की बात कबूली है। इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 यूएस डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर रिवोटिंग आज

इंफाल । चुनाव आयोग ने भीतरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर सोमवार को फिर वोटिंग कराने का आदेश दिया है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। कांग्रेस का आरोप था कि हथियारबंद लोगों ने खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। जिन मतदान केंद्रों की पहचान पुनर्मतदान के लिए की गई है उनमें खुरई विस क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय (ईस्ट विंग), खुरई थांगजाम लीकाई, क्षेत्रीगाओ विस क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय (उत्तर ए), पायनियर अकादमी आदि है।

सूरत सीट से कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन किया गया रद्द

सूरत । सूरत में हाई वोल्टेज सियासी ड्रामा देखा जा रहा है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया है। बताया जाता है कि निलेश कुम्भानी चुनाव अधिकारी के समक्ष अपने तीनों प्रस्तावकों को नहीं पेश कर पाए।

बता दें कि उनके तीनों प्रस्तावक उनके खिलाफ थे। तीनों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा देकर कहा था कि उन्होंने नामांकन पत्र पर दस्तखत नहीं किए थे। इसके बाद सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भणी का नामांकन खारिज कर दिया गया।सूरत लोकसभा सीट से ही कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध घोषित कर दिया गया है। इससे सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस चुनावी मुकाबले से बाहर हो गई है।

निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने निलेश कुम्भानी का नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि नीलेश कुम्भणी और सुरेश पडसाला की ओर से सौंपे गए तीन नामांकन पत्रों को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में विसंगतियां पाई गईं। हस्ताक्षर असली नहीं हैं।

रामलला के दर्शन से पूर्व श्रद्धालु देंगे कड़ी 'परीक्षा'

अयोध्या । राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए एंट्री मिलेगी। अब आरती व सुगम दर्शन पास में फर्जीवाड़ा पर अंकुश के लिए पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है। इस जांच के लिए पास धारकों को निर्गत पास के आईडी को अपने साथ लेकर जाने की अनिवार्यता हो गई है। अब पास धारक को सत्यापन के रोक कर पूछताछ की जा रही है। फिर प्रवेश दिया जा रहा है।

दुनिया में कोई भी सीएए लागू होने से अब नहीं रोक सकता

ममता के गढ़ में गरजे राजनाथ सिंह

मुर्शिदाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला करते हुए उन पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के बारे में झूठ फैलाने और लोगों, खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई भी उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकता, जिन्होंने धार्मिक आधार पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान छोड़ा है। उन्होंने बंगाल में अपनी पहली चुनावी रैली के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए संदेशखाली में महिलाओं पर हुए 'अत्याचार' का हवाला दिया।

सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही सीएए को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है।

Filmi तड़का

आमिर की बेटी आइरा खान नूपुर शिखरे से शादी के चार माह बाद अब बोलीं-मैं अकेली और डरी हूं

ईरा के पोस्ट के बाद पति नूपुर ने पोस्ट की, जिसमें उन्होंने भरोसा दिलाया वे और उनका प्रेम साथ है।

मुंबई । आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे से धूमधाम से शादी रचाई थी। आयरा और नूपुर की शादी की फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाए थे। कपल के शादी को सिर्फ 4 महीने हुए हैं। आयरा खान ने सोशल मीडिया पर लंबा चौड़ा क्रिप्टिक पोस्ट किया है। इस पोस्ट को पढ़कर लोग हैरान हैं।

आयरा खान ने इस पोस्ट में अपने अकेलेपन के डर सताने की बात कही है और बिछड़ने की चिंता व्यक्त की है। आयरा खान के इस पोस्ट से उनके फैंस हैरान है। कमेंट में लोग कई कयास लगा रहे हैं। फैंस कमेंट बॉक्स में कई सारे सवाल भी पूछ रहे हैं। आइरा खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो पोस्ट शेयर किया है उसमें लिखा, मैं डरी हूं। मैं अकेले रहने से डरती हूं। मुझे लाचार होने से डर लगता है। वहीं ईरा के पोस्ट के बाद पति नूपुर ने पोस्ट की जिसमें उन्होंने भरोसा दिलाया वे ओर उनका प्रेम साथ है।

'कल्कि 2898 एडी' के पोस्टर में अमिताभ का नया लुक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के नये पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक का बेसब्री से इंतजार था। नया पोस्टर रविवार को विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है।

खबर संक्षेप

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है।
पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान

नई दिल्ली। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी।

ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

नई दिल्ली। ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है। मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,775 करोड़ रुपये में 228 घर बेचे।

अमारा राजा को आंध्र में मिली सौर परियोजना

नई दिल्ली। अमारा राजा इन्फ्रा प्राइवेट लि. (एआरआईपीएल) को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना के साथ बीते वित्त वर्ष के अंत में अमारा राजा इंफ्रा (एआरआईपीएल) के पास कुल 1,516 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आ गई हैं। इसमें कहा गया है, 'एआरआईपीएल ने ग्रीनको से 500 मेगावाट/700 मेगावाट पीक की सौर बीओएस परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'

सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी

भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।

एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़ा

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।

व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।

- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक

इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा : बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।

कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद : हुंडई

- अनुकूल मानसून की उम्मीद से ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है।

- कंपनी क्रेटा व वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंडई की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी।

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है।

सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज

गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की कुल बिक्री में ग्रामीण बिक्री 19 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी। हुंडई मोटर इंडिया ने 2023-24 में अब तक की सर्वाधिक 7,77,876 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 से आठ प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 6,14,721 वाहनों की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की।

एप्पल तीन साल में पांच लाख लोगों को देश में देगा रोजगार

- सरकार से जुड़े सूत्रों ने ये बात कही
- फिलहाल देश में डेढ़ लाख लोगों को अभी मिला है रोजगार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है।

फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है।

एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।'इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया।एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है।

पहली बार एप्पल सबसे आगे रही

बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

इंटरग्लोब व आर्चर एयर टैक्सी सेवा शुरू करेगी...

नई दिल्ली। देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग" (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी।

यूएसएफडीए ने की खामियों के लिए नैटको फार्मा की खिंचाई

- उपकरणों को कीटाणुरहित करने में कंपनी विफल रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे गए चेतावनी पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं। यूएसएफडीए ने नौ से 18 अक्टूबर, 2023 तक संयंत्र का निरीक्षण किया था।

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि कंपनी दवा की प्रकृति के अनुसार साफ-सफाई, रखरखाव और उचित अंतराल पर उपकरण और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। इस संबंध में कंपनी से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए शीर्ष प्राथमिकता लागत और गति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल की अंतिम मील तक आपूर्ति और क्षेत्र की वृद्धि के लिए लागत और गति अब लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में लगी कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

लास्ट-माइल ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी। 'अंतिम छोर तक आपूर्ति में अब सर्वोच्च प्राथमिकता लागत और गति है। इसकी सुई लागत और संतुष्टि से लागत और गति पर स्थानांतरित हो गई है।' रिपोर्ट का अनावरण इस सप्ताह माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से प्रौद्योगिकी मंच फारआई द्वारा आयोजित 'द लास्ट माइल लीडर्स इवेंट' के दौरान किया गया। फारआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुशल नाहटा ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर स्वायत्त ड्रोन 30 प्रतिशत शहरी आपूर्ति को संभाल लेंगे, जिससे आपूर्ति का समय और लागत नाटकीय रूप से कम हो जाएगी।

- लास्ट-माइल ट्रेड्स ने जारी की रिपोर्ट
- पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी

सामान की आपूर्ति उसी दिन

यह रिपोर्ट पांच महाद्वीपों के 300 से अधिक दिग्गजों के विचारों पर आधारित थी। ये दिग्गज 100 अरब डॉलर से अधिक संयुक्त राजस्व वाली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, 300 प्रतिभागियों में से आधे से अधिक ने कहा कि वे सामान की आपूर्ति उसी दिन/अगले दिन करते हैं।

तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा।

विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

- वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल बाजार की दिशा प्रभावित करेगी

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 372.4 अंक या 1.65 प्रतिशत टूट गया।

अमेरिकी विनिर्माण व पीएमआई के आएगें आंकड़े

खेमका ने कहा कि निवेशक अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका की पहली तिमाही के जीडीपी और जापान की मौद्रिक नीति पर भी नजर रखेंगे।

फोनपे और गूगल पे पर गिरेगी गाज

बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे।

- सरकार ने 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी

एक कंपनी की बादशाहत से ग्राहकों को नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।



वर्चस्व नहीं चाहता एनपीसीआई

एनपीसीआई देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन का रेगुलेटर है। सूत्रों के अनुसार, एनपीसीआई जल्द ही नए नियम को लागू करने के लिए विस्तार से सारे नियम लाने वाला है। वह नहीं चाहता कि किसी भी एक कंपनी का यूपीआई सेगमेंट में वर्चस्व हो। इसमें नए कस्टमर जोड़ने पर रोक भी लगाई जा सकती है। यह काम चरणों में किया जाएगा ताकि कस्टमर पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े। एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में कई कंपनियां काम करें ताकि किसी एक कंपनी के फेल होने का असर पूरे मार्केट पर न पड़े।

30 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी हिस्सेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने दिसंबर, 2022 में थर्ड पार्टी यूपीआई कंपनियों के लिए डेडलाइन बढ़ा दी थी। उन्हें डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन में अपनी हिस्सेदारी 30 फीसदी करने के लिए 2 साल का वक्त दिया गया था। यह समय सीमा दिसंबर, 2024 में खत्म होने वाली है। फिलहाल गूगल पे और वालमार्ट की कंपनी फोनपे यूपीआई ट्रांजेक्शन के बेताज बादशाह बने हुए हैं। उनके पास बाजार की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। पेटीएम एक बड़ा नाम होने के बाद भी इन दोनों कंपनियों से बहुत पीछे था। अब पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई से उसके मार्केट शेयर को और तगड़ा झटका लगा है।

शीर्ष तीन आईटी कंपनियों में 64,000 कर्मचारी घटे

बेंगलुरु। देश की तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं। खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं। विप्रो ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के दौरान कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी।

हाई स्कोरिंग रोमाचंक मुकाबले में कोलकाता ने जीती बाजी, आरसीबी की लगातार छठी हार से आगे की राह मुश्किल

जीत की दहलीज पर पहुंचकर एक रन से हारा बेंगलुरु

● कोलकाता

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है।

कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है। 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18)का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिये 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल ने हर्षित के हाथों कैच आउट करा दिया। रजत ने 23 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए 52रन बनाये। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुये। विल जैक्स ने 32 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 55 रन बनाये। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुये। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई। आठ मैचों में बेंगलुरु की यह सातवीं हार है। कोलकाता की ओर से आंद्रे रसल ने तीन विकेट लिये। हर्षित राणा और सुनील नरेन को दो-दो विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और मिचेल स्टार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4/6
साल्ट कै. पाटीदार बो. मोहम्मद सिराज	48	14	7/3
सुनील नरेन कै. कोहली बो. यश दयाल	10	15	2/0
अंगकृष रघुवंशी कै. ग्रीन बो. यश दयाल	03	04	0/0
वेंकटेश कै. लोमरोर बो. कैमरन ग्रीन	16	08	3/0
श्रेयस कै. डुप्लेसिस बो. कैमरन ग्रीन	50	36	7/1
रिंकू सिंह कै. दयाल बो. फर्ग्यूसन	24	16	2/1
आंद्रे रसेल नाबाद	27	20	4/0
रमनदीप सिंह नाबाद	24	09	2/2

अतिरिक्त: 20, कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर 222 रन, **विकेट पतन**: 1-56, 2-66, 3-75, 4-97, 5-137, 6-179, **गेंदबाजी**: मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2,

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली कै. एंड बो. हर्षित राणा	18	07	1/2
डुप्लेसिस कै. वेंकटेश बो. वरुण चक्रवर्ती	07	07	1/0
विल जैक्स कै. अंगकृष बो. आंद्रे रसेल	55	32	4/5
रजत पाटीदार कै. हर्षित बो. रसेल	52	23	3/5
कैमरन ग्रीन कै. रमनदीप बो. सुनील	06	04	0/1
प्रभुदेसाई कै. अंगकृष बो. हर्षित राणा	24	18	3/0
लोमरोर कै. एंड बी. सुनील नरेन	04	03	1/0
दिनेश कार्तिक कै. साल्ट बो. रसेल	25	18	3/1
कर्ण शर्मा कै. एंड बो. स्टॉर्क	20	06	0/3
मोहम्मद सिराज नाबाद	00	00	0/0
फर्ग्युसन रन आउट साल्ट	01	01	0/0

अतिरिक्त: 09, कुल: 20 ओवर में 221 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-27, 2-35, 3-137, 4-138, 5-151, 6-155, 7-187, 8-202, 9-220, 10-221, **गेंदबाजी**: हर्षित राणा 4-0-33-2, मिचेल स्टार्क 3-0-55-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-1, सुनील नरेन 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, आंद्रे रसेल 3-0-25-3,

अंतिम ओवर में 21 रन की थी जरूरत

आरसीबी को अंतिम ओवर में जीत के लिए 21 रन की जरूरत थी, लेकिन वह 19 रन ही बना सकी। अंतिम ओवर में मिशेल स्टॉर्क में कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था। आरसीबी को अंतिम 2 गेंदों पर जीत के लिए तीन रन बनाने थे, तभी कर्ण शर्मा आउट हो गए। लेकिन कर्ण के आउट के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गये और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा।

सॉल्ट ने 14 गेंदों पर खेली 48 रनों की विस्फोटक पारी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां ईडन गार्डस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने रजत पाटीदार के हाथों फिल सॉल्ट को कैच आउट कराकर बेंगलुरु को पहला झटका दिया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाये। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गये।

नहीं फलती है कोहली को ग्रीन जर्सी

बेंगलुरु के प्लेयर आज पर्यावरण को बचाने का संदेश देने के लिए ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे थे। आंकड़े देखे जाएं तो पिछले दो सालों में विराट को ग्रीन जर्सी फली नहीं है। वह जब भी इसे पहनते हैं, बड़ा स्कोर नहीं कर पाते। 2022 में वानखेड़े के मैदान पर सनराइजर्स के खिलाफ वह गोल्डन डक हो गए थे। साल 2023 में भी ऐसा ही हुआ। बेंगलुरु के मैदान पर वह राजस्थान के खिलाफ गोल्डन डक हो गए। अब इस सीजन में कोलकाता के खिलाफ मुकाबला था जहां वह 7 गेंदों पर केवल 18 रन ही बना पाए।

आईपीएल 2024 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	0.677
कोलकाता	7	5	2	10	1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	0.914
चेन्नई	7	4	3	8	0.529
लखनऊ	7	4	3	8	0.123
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

साई ने झटके तीन विकेट, तेवतिया ने खेली विजयी पारी

मोहाली (एजेंसी)। साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (35) और राहुल तेवतिया के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

गुजरात की आठ मैचों में यह चौथी जीत है। 143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 35 रन बनाये। वहीं साई सुदर्शन ने तीन चौके लगाते हुए 31 रन बनाये। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख़ खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुये। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में सात चौके लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल ने तीन विकेट लिये।

स्कोर बोर्ड

पंजाब किंग्स	रन	गेंद	4/6
सैम करन पगबाधा बो. राशिद खान	20	19	2/0
प्रभसिमरन कै. साहा बो. मोहित शर्मा	35	21	3/3
राइली रूसो पगबाधा बो. नूर अहमद	09	07	2/0
जितेश शर्मा बोल्ड साई किशोर	13	12	0/1
लिविंगस्टन कै. तेवतिया बो. अहमद	06	09	1/0
शशांक सिंह कै. एंड बो. साई किशोर	08	12	0/0
आशुतोष कै. मोहित बो. साई किशोर	03	08	0/0
हरप्रीत सिंह रन आउट साई सुदर्शन	14	19	0/0
हरप्रीत ब्रार कै. शाहरुख बो. किशोर	29	12	4/1
हर्षल पटेल कै. शाहरुख बो. मोहित	00	01	0/0
कगिसो रबाडा नाबाद	01	01	0/0

अतिरिक्त: 04, कुल: 20 ओवर में 14 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-52.1, 2-63, 3-67, 4-78, 5-86, 6-92, 7-99, 8-139, 9-140, 10-142, **गेंदबाजी**: अजमतुल्लाह ओमरजाई 2-0-13-0, संदीप वॉरियर 1-0-21-0,मोहित शर्मा 4-0-32-2, राशिद खान 4-0-15-1, नूर अहमद 4-0-20-2, साई किशोर 4-0-33-4, शाहरुख खान 1-0-7-0,

गुजरात जाएंटस	रन	गेंद	4/6
साहा कै. आशुतोष बो. अर्शदीप सिंह	13	11	1/0
शुभमन गिल कै. रबाडा बो. लिविंगस्टन	35	29	5/0
साई सुदर्शन बो. सैम करन	31	34	3/0
डेविड मिलर बो. लियाम लिविंगस्टन	04	06	0/0
अजमतुल्लाह कै. जितेश बो. हर्षल	13	10	0/1
राहुल तेवतिया नाबाद	36	18	7/0
शाहरुख खान बो. हर्षल पटेल	08	04	0/1
राशिद खान कै. रूसो बो. हर्षल पटेल	03	03	0/0
साई किशोर नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त: 03, कुल: 19.1 ओवर में सात विकेट पर 146 रन, **विकेट पतन**: 1-25, 2-66, 3-77, 4-97, 5-103, 6-138, 7-142, **गेंदबाजी**: कगिसो रबाडा 4-0-40-0, अर्शदीप सिंह 2.1-0-17-1, हर्षल पटेल 3-0-15-3, सैम करन 2-0-18-1, हरप्रीत ब्रार 4-0-35-0, लियाम लिविंगस्टन 4-0-19-2,

बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में पहला ओलंपिक कोटा दिलाया

नई दिल्ली । बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गये थे। उन्होंने 7:01:27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं।

एथलीट प्रियंका और अक्षदीप ने हासिल किया ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया। इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने 13 अप्रैल को कैलिफोर्निया में ब्रायन क्ले इनविटेशनल में 2.19 मीटर की जंप के साथ ऊंची कूद का खिताब भी जीता था।

बीएसएसएस व एलएनसीटी विजयी

भोपाल (खे.सं.)। आईसीपीटीएल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएसएसएस कॉलेज एवं मैनिट कॉलेज के बीच मैच खेला गया जिसमें बीएसएसएस कॉलेज ने निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए जिसमें कुनाल ने छह चौके और एक छक्के की मदद से 32 गेंद में 45 रन, अदम्य ने 21 गेंद में 23 रन एवं देवांश यदुवंशी ने 10 गेंद में 22 रनों का योगदान दिया। मैनिट की ओर से अजीत सिंह ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन एवं नवीन ने तीन ओवर में 37 रन लेकर दो विकेट लिए।

बाद में बल्लेबाजी करने उतरी मैनिट की टीम 18 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 129 रन ही बना सकी जिसमें लकी पाठक ने 21 गेंदों में 30 रनों का योगदान दिया। बीएसएसएस कॉलेज की ओर से हर्ष सेन ने चार ओवर में 23 रन लेकर तीन एवं वंश पटेल ने तीन ओवर में 12 रन लेकर दो सफलता अर्जित की। इस प्रकार बीएसएसएस कॉलेज में यह मुकाबला 30 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बीएसएसएस कॉलेज के हर्ष से रहे। दिन का दूसरा मुकाबला एलएनसीटी कॉलेज और एसएटीआई कॉलेज विदिशा के बीच खेला गया जिसमें एलएनसीटी ने 18 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। एलएनसीटी की ओर से उज्जवल कुमार ने 30 गेंद में 47 रन, कार्तिकेय ने 22 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। एसएटीआई कॉलेज विदिशा की ओर से कप्तान विकास पांडे ने तीन ओवर में 29 रन लेकर दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी एसएटीआई कॉलेज विदिशा की टीम 18 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी जिसमें कप्तान विकास कुमार ने 25 गेंद में 27 रन बनाए। एलएनसीटी कॉलेज की ओर से जितेंद्र सिंह ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन अंश मोदी ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार एलएनसीटी कॉलेज ने यह मुकाबला 36 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में अमृत राज बोटे ने जीता सिल्वर

भोपाल (खे.सं.)। कोच्चि में साउथ एशियन कुराश चैम्पियनशिप का आयोजन इंटरनेशनल कुराश फेडरेशन द्वारा किया गया। इस चैम्पियनशिप मं भोपाल के अमृत राज बोटे ने 55 किलो भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए देश को सिल्वर मैडल दिलाया। अमृत राज की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर तास क्लब के चीफ कोच शुरेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कुराश रेफरी जोगेंद्र तिवारी और क्लब के सभी सदस्यों ने बधाई दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कुराश संघ के अध्यक्ष विवेक स्वामी ने देश के लिए सिल्वर मैडल जितने पर अमृत राज को बधाई दी है।

अरेरा अंडर-12 चैंपियन, विराट का अर्धशतक

भोपाल (खे.सं.)। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अंडर-12 विधायक ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच अरेरा और अंकुर अकादमी के बीच खेला गया। अरेरा ने 40 ओवर्स में 9 विकेट्स खोकर 234 रन बनाए। अरेरा के विराट शर्मा ने 61 रन, युवराज बुंदेला ने 45 रनों का योगदान दिया। अंकुर से 43 रन अतरिक्त दिए गए। गेंदबाजी में सोहन और वत्सल ने 2-2 विकेट लिए, जबकि तीन रन आउट हुए। जवाबी पारी में अंकुर अकादमी निर्धारित 40 ओवरों छह विकेट्स खोकर 212 रन बना सकी और और अरेरा अकादमी 22 से मैच जीत कर चैंपियन बनी। अरेरा की ओर से इरनवीर सिंह ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच विराट शर्मा बने। युवराज बुंदेला को प्रतियोगिता का श्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट विकेट कीपर मेधांश उईके रहे, बेस्ट बॉलर अर्जुन व बेस्ट फील्डर वंश बाथम रहे। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण विश्वास सारंग, खेल एवं सहकारिता मंत्री मध्य प्रदेश द्वारा किया गया। इस मौके पर पंकज सिंह ठाकुर, अरेरा एवं अंकुर के मुख्य प्रशिक्षक सुरेश चैनानी और ज्योतिप्रकाश त्यागी उपस्थित थे।

एशियाई चैंपियनशिप में पति पत्नी ने एक साथ जीते पदक

प्राची ने गोल्ड तो मनीष ने जीता सिल्वर

भोपाल (खे.सं.)। टोक्यो जापान में आयोजित पैरा केनो एशियाई चैंपियनशिप व केनो स्प्रिंट एशियाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मप्र अकादमी के प्राची और मनीष ने गोल्ड तथा सिल्वर मैडल जीते हैं। दोनों पति-पत्नी हैं। चैंपियनशिप में प्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों ने पांच पदक अर्जित किए हैं। इनमें प्राची को अभी तक 2 गोल्ड, रजनी को 2 सिल्वर और मनीष को 1 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। तीनों प्रदेश अकादमी के खिलाड़ी हैं। चैंपियनशिप में भारतीय पैरा कैनो में अपने रिकार्ड को कायम करते हुए 10 गोल्ड, 07 सिल्वर, 03 ब्रॉन्ज सहित कुल 20 पदक प्राप्त किया। गोल्ड लेने वाली टीम पूजा ओझा 2 गोल्ड, प्राची यादव 2 गोल्ड, शबाना 2 गोल्ड, यश कुमार 1 गोल्ड, सुरेंद्र ढाका 1 गोल्ड, संजीव कोटिया 1 गोल्ड, जयदीप 1 गोल्ड, सिल्वर लेने वाले खिलाड़ी रजनी झा 1 सिल्वर, संगीता राजपूत 2 सिल्वर, सोनल 1 सिल्वर, यश कुमार 1 सिल्वर, गजेंद्र सिंह 1 सिल्वर, मनीष कौरव 1 सिल्वर, वहीं राजवीर सिंह 1 ब्रांज, राजेश पवार नेताजी 1 ब्रांज और सुरेंद्र ढाका 1 ब्रांज, पदक प्राप्त किया। पैरा केनो व कैनो स्प्रिंट टीम के मुख्य प्रशिक्षक मयंक ठाकुर ने बताया कि पैरा केनो टीम के सभी खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया।

शतरंज टूर्नामेंट — शानदार प्रदर्शन कर फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की

गुकेश विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने के करीब

● नई दिल्ली

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली है। इस तरह 17 साल के गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हुए हैं। अब टूर्नामेंट में एक दौर का खेल बचा है। गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रॉ खेला। गुकेश को हालांकि संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से आधा अंक आगे हैं। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर में नाकामुरा से होगा। इसके अलावा कारूआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है। लेकिन संभावनाएं काफी हद तक गुकेश के पक्ष में है क्योंकि ड्रॉ भी उन्हें विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

प्रगनानंद और गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर

अन्य भारतीयों में आर प्रगनानंद और विदित गुजराती छह अंकों के साथ संयुक्त पाचवें स्थान पर हैं, जबकि फिरोजा के 4.5 अंक हैं। इनके अलावा निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारूआना ने कड़े मुकाबले में प्रगनानंद को पराजित किया, जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रॉ खेला। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेराए जबकि हम्पी ने यूक्रेन के मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरूग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्रो से बाजी ड्रॉ कराकर अंक बांटे। गोरयाचकिना, लाग्रो, हम्पी और वैशाली के 6.5 अंक हैं और ये सभी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

संस्कृति

दीपक पाचपोर

आदिवासियों में पुत्र के दीर्घ जीवन के लिए मनाया जाता है चिल्हीडार और बेटा जौतिया महाव्रत

छत्तीसगढ़ का आदिवासी समाज द्वारा पुत्र के दीर्घ जीवन के लिए महिलाओं द्वारा रखे जाने वाले उपवास के बाद की महापूजा का पर्व के चिल्हीडार एवं बेटा जौतिया महाव्रत आयोजित किया जाता है। यह महापर्व अंचल में हर साल अलग-अलग स्थानों पर होता है। इस महापर्व में पूरे छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश से भी लोग शामिल होते हैं। आदिवासी इस महापर्व में ज्यादातर अपनी परम्परागत वेशभूषा और श्रृंगार के साथ मौजूद रहते हैं। सादगी से मनाए जाने इस महापर्व के अवसर पर अधिकतर नंगे पांव रहते हैं। खासकर कार्यक्रम स्थल के भीतर जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश वर्जित होता है। धोती पहने लोग ही मंच तक जा सकते हैं क्योंकि वह बहुत पवित्र जगह हो जाती है। बड़ी संख्या में महिलाएं जंवारा सिर पर लिए यहां आती हैं। इस विशाल महापर्व का आयोजन गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छ.ग. गोंडवाना संघ के तत्वावधान होता है। गोंडवाना गुरुदेव दुर्ग भगत जगत एवं गुरु माता दुर्ग दुलेश्वरी का इसे आशीर्वाद प्राप्त होता है। जहां भी इस पर्व का आयोजन होता है उसमें शामिल लोग रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन अपने घर लौटते हैं।

पुस्तक समीक्षा

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति

कृति के नाव
छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति

कृतिकार
डा. पीसी लाल यादव

समीक्षक
डा. डी पी देशमुख

प्रकाशक
शिक्षादूत प्रकाशन रायपुर

मूल्य
चार सौ साठ रूपए

छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में डा. पीसी लाल यादव वर्षो से काम करते आ रहे हैं। आप अंचल की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को अपनी लेखनी के माध्यम से रेखांकित करते रहे हैं। आप इसी संदर्भों से जुड़े पहलुओं को अपनी पुस्तक 'छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति' के माध्यम से रखा है। आपने अपनी इस पुस्तक में आंचलिक तीज-त्योहारों, लोक नाट्य, लोककथा, लोकगाथा, मेला-मड़ई, खेलकूद जैसे विषयों को आधार बनाया है। आप विषय-वस्तुओं को तथ्यों के रखने में सफल हुए हैं। इस पुस्तक का लाभ छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत को जानने और समझने वालों को अवश्य मिलेगा।

भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल तथा छेरकी महल, फणिनाग वंश के शासकों के काल के सर्वाधिक प्रसिद्ध स्मारक हैं। भोरमदेव के आसपास से अनेक प्रतिमाएं, स्थापत्य खंड तथा सतीलेख भी मिले हैं। मड़वा महल से प्राप्त एक अभिलेख में इस वंश के राजाओं के वंशावली के साथ इस मंदिर के निर्माण का उल्लेख भी प्राप्त होता है। मड़वा महल के स्थापत्य अलंकरण में वाममार्गी शैवाचार्यों के तांत्रिक साधना और उपासना परंपरा की झलक दिखाई देती है।



मड़वा महल में उल्लेखित सतीलेख

मड़वा महल, कवर्धा फणिनाग वंश के शासकों के काल में निर्मित स्मारक हैं। भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल तथा छेरकी महल, फणिनाग वंश के शासकों के काल के सर्वाधिक प्रसिद्ध स्मारक हैं। भोरमदेव के आसपास से अनेक प्रतिमाएं, स्थापत्य खंड तथा सतीलेख भी मिले हैं। मड़वा महल से प्राप्त एक अभिलेख में इस वंश के राजाओं के वंशावली के साथ इस मंदिर के निर्माण का उल्लेख भी प्राप्त होता है। मड़वा महल के स्थापत्य अलंकरण में वाममार्गी शैवाचार्यों के तांत्रिक साधना और उपासना परंपरा की झलक दिखाई देती है। इस मंदिर के सुरक्षा के लिए दीवार निर्माण करने के लिए फरवरी 2003 में नींव खोदते समय पश्चिम दिशा में एक खंडित शिलालेख प्राप्त हुआ है। यह सतीलेख है तथा लगभग 3 फीट लंबा एवं 1 फीट चौड़ा है। भूरे बलुआ रंग के इस प्रस्तर लेख में कुल 7 पंक्तियां हैं। लेख का बांया बाजू टूटा हुआ है, जिससे पंक्तियां अपूर्ण हैं। साथ ही साथ इसका ऊपरी भाग भी खंडित है। इस सती लेख की जानकारी श्री जी.एल. रायकवार, पुरातत्ववेत्ता, रायपुर को प्रथमतः ज्ञात हुई थी। इस लेख में संवत 1407 का अंकन है, तदनुसार यह ईसवी सन 1349-50 है। अभिलेख में मास तथा पक्ष का उल्लेख नहीं हैं, परन्तु 11वीं तिथि और दिवस सोम (वार) उल्लेखित है। इस सती लेख में फणिवंश के राजा सरदा, मही (धर अथवा देव) एवं महाराज सतीम का नामोल्लेख मिलता है। लेख की अंतिम दो पंक्तियों में पितृकुल तथा पति के कुल के उद्धार के लिए राउत घाघम की पुत्री के सहगमन (सती होने) का उल्लेख है। फणिवंश के अज्ञात राजाओं के नाम तथा राउत जाति की नारी की सती होने की जानकारी के कारण यह सतीलेख विशेष महत्वपूर्ण है। तत्कालीन फणिनाग राजाओं की वंशावली तथा सामाजिक जातिगत प्रथा पर यह सतीलेख नवीन प्रकाश केन्द्रित करता है। यह लेख देवनागरी लिपि में भाषा अशुद्ध और संस्कृत में है।

ऐतिहासिक : राहुल कुमार सिंह

सातधार जलप्रपात

पर्यटन : डा. गीतेश अमरोहित

इंद्रावती उड़ीसा के कालाहांडी से निकलकर भोपालपट्टनम के आगे गोदावरी नदी में मिल जाती है। इस नदी में ऐतिहासिक नगरी बारसूर के पास सातधार जलप्रपात निर्मित है। यह जलप्रपात जिला दंतेवाड़ा में है। बारसूर से लगभग 04 किलोमीटर की दूरी पर सातधार गांव है। इस गांव के पास ही इंद्रावती नदी में अबूझमाड़ को जोड़ने के लिए पुल बना हुआ है। इस पुल से एक मार्ग अबूझमाड़ के तुलार की तरफ जाता है। इस मार्ग में पुल से लगभग 01 किलोमीटर की दूरी पर इंद्रावती नदी में सातधार जलप्रपात स्थित है। इस जलप्रपात के पास ही नागों के किले के निशान बिखरे पड़े है। यहां पर इंद्रावती नदी सात छोटी धाराओं में विभाजित होकर 10 से 15 फीट की उंचाई से गिरती है, इसलिए इसका नाम सातधार जलप्रपात पड़ गया। इन सात धाराओं के नाम-बोध धारा, कपिल धारा, पांडव धारा, कृष्ण धारा, शिव धारा, चित्र धारा और बाण धारा है। हालांकि भरे बरसात के मौसम में नदी में पानी अधिक होने के कारण यह सात धारा अलग-अलग दिखाई नहीं देते। ठंड के मौसम में सातों धारा बिल्कुल अलग ही दृश्य निर्मित करते हैं। जलप्रपात की चट्टानें भेड़ाघाट के सदृश हैं, इसलिए इसे कई लोग 'बस्तर का भेड़ाघाट' की संज्ञा देते हैं।

अंचल प्रेम पर आधारित काव्य

लोक साहित्य : उर्मिला शुक्ल

राजनीति के फलक पर छत्तीसगढ़ का अपना अलग अस्तित्व है। यह अलग राज्य के रूप में पहचाना जाए, इसकी चाह बहुत पहले से ही थी।, मगर छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश में शामिल होना पड़ा था। मध्यप्रदेश में शामिल होकर भी छत्तीसगढ़ अंचल इससे अलग थलग ही रहा, फिर चाहे भाषा हो या संस्कृति। इसकी अपनी विशेषताएं रहीं, जिसके चलते वह अपने ही प्रांत में समाहित नहीं हो पाया। समय समय पर छत्तीसगढ़ी काव्य में कभी यह स्थिति पीड़ा बनकर उभरी, तो कभी विशेषता बनकर। फिर जब छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना तब तो जैसे छत्तीसगढ़ अंचल में भाषा एवं संस्कृति के प्रेम की बारिश सा होने लगी यही कारण है कि विगत वर्षो में छत्तीसगढ़ को लेकर जितनी कविताएं लिखी गई, उतनी शायद ही कभी लिखी गई होंगी। अनेक कवियों ने छत्तीसगढ़ की महिमा को अपने ढंग से रेखांकित करने में कोई कमी नहीं की। देखें श्यामलाल चतुर्वेदी की यह पंक्तियां-

बाराबाट लुटेरन जांही, करबो तिल तिल जोरन।
छत्तीसगढ़िया राज बने हे, कुलकत हवै बहोरन।

सुरताः प्रो. अश्विनी केशरवानी

छत्तीसगढ़ी परिदृश्य को रेखांकित करने वाले लेखकों में पं. अमृतलाल

छत्तीसगढ़ के विरले साहित्यकारों में पं. अमृतलाल दुबे का नाम अविस्मरणीय है। आपने आदिम जातियों के वाचिक परंपरा के लोक साहित्य को केवल पढ़ा ही नहीं बल्कि उसका दुर्लभ संग्रह भी किया, जिसे आदिम जाति कल्याण विभाग ने 'तुलसी के विरवा जगाय' शीर्षक से प्रकाशित किया है। आपने इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ी संस्कृति में तीज-त्योहारों को भी स्थान दिया है। आपने भोजली देवी की महिमा का विस्तार से यहां वर्णन करते लिखा है-

सोन के कलश, गंगा जल पानी,
हमरो भोजली दाई के पइयां पखारी।
सोन के दिया, कपूर के बाती,
हमरो भोजली दाई के आरती उतारी।

इसके बाद आपका कविता संग्रह मुलिया और मानस प्रकाशित हुई। आपकी रचनाएं आकाशवाणी अंबिकापुर, रायपुर और इंदौर से भी प्रकाशित होती रहीं। संगीत के प्रति आपकी काफी रूचि होने के कारण अनेक आयोजन करते ही रहते थे। आपका 55 वर्ष की उम्र में 2 अप्रेल सन 1980 को देहावसान हो गया।

गांव की कहानी

डा. राघवेंद्र कुमार 'राज'

भटरी के निवासों के कारण गांव हुआ भटगांव

दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा के समीपस्थ धमधा मार्ग पर स्थित गांव 'भटगांव' सन 1949 में अपने अस्तित्व को प्राप्त किया। शिवनाथ नदी के किनारे बसा भटगांव पूर्व में छोटा होने के कारण आबादी भी कम और मालगुजारी प्रथा थी। आजादी के पूर्व 9 अगस्त 1942 को ब्राह्मण परिवार का एक अवयस्क किशोर के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौर में गिरफ्तारी दी गई। क्रांति की शंखनाद इस गांव से हुआ। इस गांव में चार समाजों (ब्राह्मण, तेली, कुर्मी ,यादव) का बाहुल्य रहा। प्राचीन समय में इसे 'भाठापारा' कहा करते थे। कालान्तर में बुद्धिजीवियों, विद्वानों और कलाधर्मियों के कारण इस गांव का नाम 'भटगांव रखा गया। यहां भट (भटरी) भी निवास करते थे। प्राचीन विशाल पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान जी की प्रतिमा पर ग्रामीणों द्वारा हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है। यहां की सांस्कृतिक विरासत समृद्धशाली रहा। 'दशहरा महोत्सव' और 'मातर पर्व ' का आनंद उठाने के लिए समीपवर्ती गांव के लोग आते हैं। 'गुरूघासीदास जयंती' भी आकर्षण का केन्द्र होता है। यहां ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी होती रहती हैं। वर्तमान में इस गांव से 'पंथी नृत्य' और 'रामलीला मंडली' अपनी कला का दूर-दूर के गांवों में मुखर प्रदर्शन कर रही है। शिक्षा, कला और संस्कृति की दृष्टि से यह गौरवशाली गांव अनुकरणीय है।

तेंदुए के हमले से 4 घायल 1 की मौत

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। महराजगंज ।जनपद महराजगंज के निचलौल तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा सोहट गाँव मे झाड़ी में छिपे तेंदुआ ने गांव के लोगों पर किया हमला जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार सोहगी वरवा वन्य जीव प्रभाग निचलौल वन्य रेंज के अंतर्गत ग्राम सभा सोहट गाँव में सुबह लगभग सात बजे के करीब झाड़ी में छुपा तेंदुआ ने चार लोगों पर हमला करके घायल कर दिया सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से निचलौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया घायलों में क्रमशः सोहट निवासी त्रिलोकी तथा महदा निवासी मोतीचंद और दो अन्य लोगों को घायल कर दिया जिसमे एक आदमी की हालत खराब होते देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से झाड़ी मे छिपे तेन्दुए को कड़ी मशक्कत से पकड़ लिया गया उसके बाद पूरी टीम ने तेन्दुए को अपने कब्जे मे लेकर निचलौल रेंज परिसर चली गई।

जानकारी मिली कि नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर उर्फ बनगाईं निवासी साधु शिव प्रसाद यादव चकदह गांव के शाहपुर टोले से पूरब जंगल के किनारे स्थित कुटी में आठ साल से रहते थे। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब दो बजे वह कुटी में गए। जैसे ही उन्होंने कुटी का दरवाजा खोला अंदर बैठे तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने इलाज के लिए नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अड्डा बाजार ले गई जहां चिकित्सक न होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर में भर्ती कराया। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां भी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया था, जहां इलाज चल रहा था। रविवार सुबह करीब आठ बजे साधु की मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर बेटा राम चरन यादव, बहू शोभा तथा पोता सच्चिदानंद और चंद्रशेखर का रो-रोकर बुरा हाल है। रेंजर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि साधु की मौत की सूचना मिली है।

नवेली बहू की विदाई करा घर लौटते ससुर की हादसे में मौत

बेटे की शादी का सामान लाद कर बोलेरो से घर लौट रहा था पिता, बोलेरो खुद चला रहा था दूल्हे का पिता, साथ में बैठा व्यक्ति घायल

भदोही। जनपद के कोइरौना थाना इलाके में सोमवार को बोलेरो गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में अपने ही बेटे की शादी से घर लौट रहे बोलेरो चालक की मौत हो गई, जबकि एक और सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है। भदोही के गोपीगंज थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी शिवचरन बिन्द (48) उर्फ दरोगा के पुत्र बालमुकुंद बिन्द की रविवार शाम को प्रयागराज के हंडिया थाना इलाके के भीटी क्षेत्र में बारात गई थी। सोमवार की सुबह शिवचरन बिन्द बारात विदाई के उपरांत एक और व्यक्ति को बिठाकर सामान के साथ बोलेरो गाड़ी से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 11 अपने घर से कुछ दूर कोईरौना थाना क्षेत्र के रैयापुर में पहुंचे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार गाड़ी असंतुलित होकर जंगीगंज-धनतुलसी मार्ग किनारे मौजूद चिलबिल के भारी भरकर पेड़ में जा टकराई। दुर्घटना में जहां बोलेरो के परखच्चे उड़ गए, वहीं मौके पर ही बोलेरो चालक शिवचरन उर्फ दरोगा ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना में एक और सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आशंका व्यक्त की गई है, रात्रि शादी में जगने के कारण सम्भवतः चालक को नींद आई होगी, जिससे हादसा हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाते ही पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। साथ ही विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गई है।

पराली जलाने से भड़की आग आग प्रशासन करें कार्यवाही

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। प्रशासन द्वारा खेतों में पराली न जलाने के लिए बार बार सूचना एवं कार्यवाही के बावजूद कुछ मनबढ किस्म के लोगों द्वारा ऐसी हरकत कर एक तरफ जहां उपजाऊ भूमि के उर्वरक को नष्ट करने का कार्य करते हैं वहीं दूसरी तरफ आग के विकराल रूप से काफी जान माल के नुकसान की संभावना बढ जाती है।ऐसा ही मामला बृजमनगंज ब्लाक के ग्राम सभा महुलानी में रविवार को हुआ जहां अज्ञात लोगों ने फसल के डाठ मे आग लगा दिया आग तेजी से फैलते हुए विकराल रूप धारण करने लगा।और देखते ही देखते आग महुलानी के चौरी टोला होते हुए नयनसर के टीकुर छोटी बिहारी गांव के तरफ बढने लगा। इस दृश्य को देख ग्रामीणों में दहशत बन गया ग्रामीण महिलाओं पुरुषों ने नल से पानी निकाल बाल्टी मे भर भर आग को काबू करने का प्रयास किया तथा फायर ब्रिगेड को सूचना भी दी।कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची आग को बूझाने मे ग्रामीण कामयाब रहे।यदि आग पर काबू नही पाया गया होता तो सूर्यमानपुर, बड़ी बिहारीपुर,सोनौली समेत कई गांव चपेट में आ जाते।

बाहुबली बृजेश सिंह के बेटे के साथ एशियन पेंट की डीलरशिप के नाम पर 11 लाख से अधिक की ठगी, मामला दर्ज

प्रखर वाराणसी। एशियन पेंट्स की डीलरशिप दिलाने के नाम पर बाहुबली बृजेश सिंह के बेटे सिद्धार्थ के साथ धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। सिद्धार्थ सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बता दे कि सिद्धगिरी बाग, छित्तूपुर निवासी सिद्धार्थ सिंह से 11 लाख 14 हजार 539 रुपये की धोखाधड़ी की गई। सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एशियन पेंट्स लिमिटेड की डीलरशिप का ऑनलाइन विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में डायरेक्टर के रूप में अमित सिंगले का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। अमित सिंगले को कॉल करने पर उसने बताया कि डीलरशिप लेने के लिए 11,14,539 रुपये कंपनी की मुंबई शाखा के बैंक खाते में जमा करना होगा। आगे सिद्धार्थ ने बताया कि उन्होंने अपनी फर्म रघुकुल कंसट्रक्सन और अपने निजी खाते से पैसा ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद अमित सिंगले ने उन्हें एक कंफर्मेशन लेटर भेजा। कुछ दिनों तक बातचीत हुई और फिर अमित सिंगले का मोबाइल नंबर बंद बताने लगा। किसी तरह से भी संपर्क न हो पाने पर सिद्धार्थ मुंबई गए तो सामने आया कि एशियन पेंट्स की ओर से डीलरशिप के लिए कोई विज्ञापन ही नहीं दिया गया है। साथ ही यह भी जानकारी हुई कि एशियन पेंट्स में अमित सिंगले नाम का कोई डायरेक्टर भी नहीं है। तब जाकर सिद्धार्थ को पता लगा कि वह धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।

वन्दे भारत गुजारने के चक्कर में 45 मिनट बंद रहा फाटक

सवा घण्टे तक दीदारगंज-खेतासराय मार्ग पर अवरुद्ध हुई ट्रैफिक, मालगाड़ी का इंजन खराब हुआ तो स्टेशन पर रोका

प्रखर खेतासराय जौनपुर। उत्तर रेलवे लखनऊ वाया वाराणसी-अयोध्या रेलवे प्रखण्ड के खेतासराय रेलवे स्टेशन पर सोमवार को टांडा अप मालगाड़ी के इंजन में खराबी होने पर रोक दिया । टेक्नीशियन ने दुरुस्त भी कर दिया इधर वंदे भारत सुपर फास्ट एक्सप्रेस को गुजारने के चक्कर मे तकरीबन 45 मिनट तक फाटक बंद कर दिया । जिससे लोग इस तपिश भरी गर्मी में लोग बिलबिला उठे । दीदारगंज-खेतासराय मार्ग पर लंबी कतार लग गयी । यातायात बहाल होने में सवा घण्टे लग गए । जाम में स्कूली बच्चे, मरीज और शव ले जा रहे वाहन जाम का दंश झेलते रहे । दरअसल सोमवार को 10:05 पर गेटमैन ने 55 एस दीदारगंज रेलवे क्रॉसिंग को बंद किया । टांडा जा रही मालगाड़ी का मेहरावा मार्ग पर इंजन का पाइप अचानक खराब हो गई । लोको पायलट ने इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर हरि मोहन मीना को दी । मालगाड़ी को खेतासराय रेलवे स्टेशन के लूप लाइन पर रोक दिया । थोड़ी देर बाद टेक्नीशियन ने इंजन को दुरुस्त कर दिया । लेकिन पटना से लखनऊ जाने वाली वंदे भारत 22345 की सिग्नल का समय हो जाने पर उसे स्टेशन पर रोके रखा । इस दौरान शाहगंज-बलिया पैसेंजर ट्रेन यहाँ से गुजारी गई । करीब 10:49 पर वंदे भारत सुपर फास्ट गुजरने के बाद गेट खुलते ही यातायात व्यस्था चरमरा उठी । आगे निकलने के चक्कर मे दो कदम भी निकलना मुश्किल हो गया । 11:07 पर पुनः गाड़ी का सिग्नल होने पर गेट मैन ने किसी तरह से फाटक को बंद कराया । तब जाकर लूप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी गन्तव्य के लिए रवाना हुई ।

विश्व पृथ्वी दिवस पर निकली पर्यावरण जागरूकता रैली

प्रखर कुशीनगर। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर के विशम्भरपुर स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ पृथ्वी के संरक्षण हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को क्षेत्रीय वन अधिकारी कसया जयंत कुमार सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय से निकली रैली विशम्भरपुर सहित आस पास क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आकर ठहरी। लोगों को जागरूक करने हेतु रैली में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी नारे जैसे पौधे लगाएं पौधे बचाएं पौधे हैं तो जीवन है, धरती माता करें पुकार हरा भरा कर दो संसार, वृक्ष धरा के भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं, कहते हैं सब वेद पुराण एक वृक्ष दस पुत्र समान आदि नारे लगाए। रैली निकालने के पूर्व प्राथमिक विद्यालय विशम्भरपुर में बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन कर पौधरोपण भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते वन अधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने हेतु अधिकाधिक पौधरोपण और उनका संरक्षण जरूरी है। पौधों से हमें प्राणवायु ऑक्सीजन के साथ साथ फल, फूल, छाया, सुगंध और घरेलू प्रयोग के वस्तुओं के निर्माण हेतु लकड़ियां भी प्राप्त होती है। गोष्ठी को उप निरीक्षक जलालुद्दीन और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने भी संबोधित किया। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमर प्रकाश पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह, गीता शर्मा, चंद्रपाल सिंह, आलोक तिवारी, संतोष यादव, इंदु देवी, सत्यभामा सिंह, विद्या देवी, चाँदमती देवी, सुमित्रा देवी, इसरावती देवी आदि उपस्थित रहे।

हाल हथियाराम मठ का : करोड़ों की लागत से बना सड़क डिवाइडर टूट कर गिरा मठ से बंगले तक रास्ता जाम

जखनियां ।गाजीपुर। जनपद के सिद्धपीठ हथियाराम मठ के अति प्राचीन बंगले पर जिला पंचायत विभाग द्वारा लगभग एक करोड रुपए से अधिक की लागत से बने सड़क व डिवाइडर घटिया निर्माण के चलते सोमवार की सुबह अपने आप ध्वस्त हो गया। गौरतलब हो की 750 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ स्थित बंगले पर अभी कुछ महीने पूर्व ही जिला पंचायत विभाग द्वारा 600 मीटर सड़क व बीच में डिवाइड का निर्माण कराया गया। जिसके लिए विभागीय टेंडर के माध्यम से ? एक करोड़ की लागत से निर्माण कराया गया। सड़क के बीचो बीच डिवाइडर पर फूल पौधे लगाने की भी व्यवस्था बनी हुई है। सोमवार की सुबह बंगले के केयरटेकर द्वारा डिवाइडर पर फूल पौधों की जगह उग गए झाड़ियां को साफ किया जा रहा था। तभी अचानक डिवाइडर का काफी बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। जिसमें सफाई कर रहा कर्मचारी बाल बाल बचा। इसके साथ ही उक्त सड़क सिद्धपीठ मठ से लेकर बंगले तक जगह-जगह दलदल के स्वरूप में बैठ गई है। जिससे आने-जाने वाले दर्शनार्थियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही घटिया निर्माण और धन की लूटपाट के प्रमाण भी स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

घटिया निर्माण से सड़क भी बनी दलदल- गौरतलब हो कि सिद्धपीठ के पास से बंगले तक जाने वाली 600 मीटर सड़क डिवाइडर के निर्माण का जिला पंचायत द्वारा ठेका होने के बावजूद काफी दिन तक लंबित रहा। जिसे कुछ माह पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत के आगमन के समय आनन फानन में बनाई गई। उसके बाद सड़क का निर्माण अधूरा ही छोड़ दिया गया था। अभी एक हफ्ते पूर्व उक्त सड़क पर पिच की गई। जो पिच अपने आप उड़ रही है। वहीं जगह-जगह दलदल जैसा भी हो गया है। जबकि अचानक सफाई करने के दौरान डिवाइडर भरभरा कर गिर जाना काफी घटिया निर्माण का द्योतक है। सिद्धपीठ से जुड़े लौटू प्रसाद प्रजापति, श्रीराम जायसवाल, अरुण सिंह, प्रमोद वर्मा इत्यादि ने कहाकि जिलाधिकारी द्वारा उक्त निर्माण की जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाए, संबंधित ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों पर भी विभागीय कार्रवाई आवश्यक है। जिससे इस तरह के सरकारी धन के लूटपाट पर रोक लगाई जा सके।

वाराणसी जनपद लगातार दूसरे वर्ष जूनियर बास्केटबॉल में विजेता

प्रखर वाराणसी। बागपत में चल रही 34वी उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता 2024 में आज अंतिम दिन खेले गए फाइनल मैच में बालक वर्ग में वाराणसी जनपद ने मेरठ जनपद को 56/38 के एकतरफा स्कोर से पराजित कर लगातार दूसरे वर्ष सर्वजेता होने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल में वाराणसी जनपद से कुणाल ने 22, प्रदीप ने 12 अंक बनाए। वाराणसी जनपद में प्रतियोगिता में अपने सभी मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। वाराणसी जनपद के प्रशिक्षक एन.ई.रेलवे वाराणसी में कार्यरत श्री आशुतोष सिंह थे जो की अंतरराष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी तथा उत्तर प्रदेश की सीनियर बास्केटबॉल टीम के प्रशिक्षक भी हैं। वाराणसी जनपद के बालक वर्ग की टीम की इस उपलब्धि पर जिला बास्केटबॉल संघ, वाराणसी के पदाधिकारी श्री चेतनारायण सिंह, राघवेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह तथा उदय प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रमेश सिंह ने शुभकामनाएं व्यक्त की।

संक्षिप्त खबरें

रिश्तों को शर्मसार करने का लगा आरोप

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र बृजमनगंज ग्राम सभा सौरहा का एक मामला प्रकाश में आया जहां एक पिता ने अपने ही पुत्री के साथ भांजे पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की।पिता द्वारा बताया गया कि हमारा भांजा घर पर आता जाता रहता था।बीते दिनों रात के अंधेरे में बुरी नीयत से घर में घूसने का प्रयास किया।घर के अंदर कुछ सामान गिरने की आहट से हमारी पुत्री जग उठी तो हमारे भांजे ने हाथ को कसके पकड़ मुहं दबाने का प्रयास किया।हमारी पुत्री के शोर मचाने पर युवक छत से रास्ते फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि पीडित परिवार द्वारा घटना की तहरीर दी गई हैं जिसके आधार पर कानूनी कार्यवाही करते हुए धारा 452,354 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

50 हजार के इनामियाअपराधी को कोतवाली गाजीपुर व एसटीएफ वाराणसी ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे उप निरीक्षक अभिराज सरोज द्वारा 50,000 रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी को एसटीएफ कर्मचारीगण के साथ आशा कम्पाउन्ड आर के स्टूडियों वाजुला हुण्डई शोरुम चेम्बुर मुम्बई से दिनांक 19 अप्रैल 24 को मु0अ0सं0 2937/2017 धारा 366/376/323/506/120बी भा0द0वि0 थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर में गिरफ्तार किया गया एवं मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कुर्ला मुम्बई से ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर लाया गया है । उक्त अभियुक्त को पुलिस वर्ष 2017 से तलाश कर रही थी एवं 50 हजार रुपये को पुरस्कार घोषित किया गया था । जिसको गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र हबीबुल्लाह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी चकफ ?ीद थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर का निवासी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अभिराज सरोज थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र पाण्डेय एसटीएफ वाराणसी, हेड कांस्टेबल सलीमउद्दीन एसटीएफ वाराणसी शामिल रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग में 34 झोपड़ियों में रखे गृहस्ती का सामान खाक, दो बकरिया मृत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकाश खण्ड भांवरकोल के शेरपुर पंचायत में सम्मिलित पुरवा मुबारकपुर निषाद बस्ती में अज्ञात कारणों से हुई अगलगी की घटना में दो दर्जन से अधिक रिहायशी झोपड़ियां जलकर खाक हो गयी। इस घटना में कुल दस परिवारों की कुल 34 रिहायशी झोपड़ियों में रखा घर गृहस्थी का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। इस घटना में दो बकरियां भी जल मरीं। ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। घटना के समय बस्ती के अधिकांश पुरुष तथा युवक एक बारात में गए थे। जबकि महिलाएं फसल की कटाई के लिए खेतों में गई थीं। हालांकि बाद में जिला मुख्यालय से फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक गाम़ीण आग बुझाने में जुटे रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मुहम्मदाबाद मनोज कुमार पाठक एवं नायब तहसीलदार बिपिन चौरसिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने अगलगी से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे अचानक प्रेमचंद्र चौधरी की रिहायशी झोपड़ी में आग पकड़ लिया। ग्रामीण जब तक कुछ समझते आग ने अगल बगल की झोपड़ियों को भी अपनी आगोश में ले लिया। इस अगलगी की घटना में प्रेमचन्द की तीन राजकुमारी की तीन रिहायशी झोपड़ी एवं उसमें बंधी दो बकरियां जलमरी।इस घटना में रामजी चौधरी की तीन, देवचन्द की चार, लक्ष्मण की तीन, शिवबचन की चार , छोटेलाल की तीन, गोबिन्द की तीन, राहुल की चार, कमलेश की तीन, राकेश चौधरी की चार रिहायशी झोपड़ियों में घर गृहस्थी का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर चौकी इंचार्ज शेरपुर मनोज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच आग बुझाने में ग्रामीणों की मदद की। इस घटना से दस से अधिक परिवार खुले आसमान के नीचे आ गये है। इस मौके पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश राय मुन्ना ने मौके मौजूद एसडीएम से प्रभावित परिवारों की तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कानूनगो एवं लेखपाल पशान्त सिंह एवं अन्य लेखपालों ने हुए नुकसान का ब्योरा तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज दिया है। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक मन्नू अंसारी मौके पर पहुंच प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद दी।

बरेसर पुलिस टीम ने किया तमन्चा व कारतूस के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना बरेसर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान आज दिनांक 22.04.2024 को अवैध तमन्चा के साथ 01 नफर अभियुक्त राज उर्फ राजा पुत्र जियाउद्दीन निवासी काशीराम आवास कालोनी आदर्श नगर बाजार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त राज उर्फ राजा उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद .315 बोर अवैध तमन्चा व 01 अदद .315 बोर जिन्दा कारतूस की बरामदगी करते हुए अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 42/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त राज उर्फ राजा पुत्र जियाउद्दीन निवासी काशीराम आवास कालोनी आदर्श नगर बाजार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 23 वर्ष रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं